उज्जैन
शनिवार
04
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-241
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ नवभारत हाउसिंग सोसायटी घोटाला में 4.64 करोड़ की हेराफेरी
7 ▸ भारत-इंग्लैंड दूसरे टी-20 में भी बारिश के आसार

### कांग्रेस मुख्यमंत्री यादव का अनेकों मुद्दों पर जन आंदोलन से पीछा पकड़ेगी

# प्रदेश में सवालों के जवाब पर अड़ी कांग्रेस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने शुक्रवार को यहां कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में चरणबद्ध जनआंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। यह आंदोलन प्रदेश के युवाओं, किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा भ्रष्टाचार एवं सत्ता के दुरुपयोग के विरुद्ध लोकतांत्रिक संघर्ष का अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन सवालों के जवाब दें या फिर पद छोडें।

प्रदेश कांग्रेस शीघ्र ही एक विशेष डिजिटल पोर्टल प्रारंभ करेगी, जहां प्रदेश का कोई भी नागरिक भ्रष्टाचार, सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग अथवा कथित अवैध संपत्तियों से संबंधित जानकारी एवं दस्तावेज गोपनीय रूप से साझा कर सकेगा। जानकारी देने वाले नागरिक की पहचान पूर्णतः सुरक्षित रखी जाएगी तथा तथ्यों के सत्यापन के बाद उचित समय पर उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री जवाब दें या पद छोड़ें कांग्रेस नेता सज्जनसिंह वर्मा



### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

श्री वर्मा ने अपने बयान में आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में लाखों युवाओं का भविष्य लगातार संकट में डाला जा रहा है। नीट एवं सीबीएसई परीक्षा से जुड़े विवादों तथा विद्यार्थियों की शिकायतों ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। प्रभावित विद्यार्थियों ने न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें समय पर राहत नहीं मिली। मध्य प्रदेश कांग्रेस लगातार छात्रों के साथ खड़ी रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी ने भी युवाओं के साथ हुए कथित अन्याय का मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। इन्हीं विषयों को लेकर प्रदेश कांग्रेस ₹छात्रों की गूंज₹ अभियान के माध्यम से प्रदेशभर के विद्यार्थियों के बीच जाएगी तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की मांग करेगी।

### उज्जैन भूमि प्रकरण और जवाबदेही

उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में प्रकाशित राष्ट्रीय समाचार पत्र की रिपोर्टों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े उज्जैन भूमि प्रकरण को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। भूमि आवंटन और निर्णय प्रक्रिया से जुड़े तथ्यों पर आज तक प्रदेश की जनता को स्पष्ट जवाब नहीं मिला है।यदि मुख्यमंत्री निर्दोष हैं तो पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराकर सभी तथ्य सार्वजनिक करें। लोकतंत्र में जनता के सवालों से बचना किसी भी मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता।

### भ्रष्टाचार और आस्था से जुड़े प्रश्न

श्री वर्मा के अनुसार प्रदेश की जनता आज महाकाल लोक परियोजना में उठे प्रश्नों के जवाब भी चाहती है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा सार्वजनिक धन के उपयोग को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठे हैं। सरकार बताए कि इन मामलों में जवाबदेही किसकी तय हुई और क्या कार्रवाई की गई।इसी प्रकार अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े चंदे और वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सार्वजनिक हुए आरोप करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े हैं। कांग्रेस का मानना है कि आस्था से जुड़े किसी भी संस्थान में यदि वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो उनकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास अक्षुण्ण बना रहे।

### कांग्रेस का संकल्प

मध्य प्रदेश कांग्रेस का यह संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य, किसानों के अधिकार, पारदर्शी शासन, लोकतांत्रिक जवाबदेही और प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा के लिए है। जब तक विद्यार्थियों को न्याय, किसानों को राहत, जनता को जवाब और भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

### किसानों के साथ अन्याय

खरीफ सीजन के बीच प्रदेश का किसान गंभीर संकट से गुजर रहा है। किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। अनेक स्थानों पर डीएपी उपलब्ध नहीं है, एनपीके महंगे दामों पर बेची जा रही है और खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। प्रदेश के अनेक जिलों से खाद की कालाबाजारी, मनमाने दाम वसूले जाने तथा पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे खरीफ की बुवाई प्रभावित हो रही है। मूंग खरीदी का कोटा कम किए जाने तथा समर्थन मूल्य पर सीमित खरीद के कारण भी किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक संघर्ष करेगी।

### इन सवालों के जवाब के लिए चरणबद्ध आंदोलन

उज्जैन भूमि प्रकरण पर मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से जवाब कब देंगे? क्या सरकार पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने को तैयार है? एक रुपये अथवा रियायती दर पर किन-किन ट्रस्टों एवं संस्थाओं को सरकारी भूमि आवंटित की गई? इसकी पूरी सूची सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही? किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया, पर्याप्त बिजली और अन्य कृषि आदान उपलब्ध कराने में सरकार विफल क्यों रही? खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की? विद्यार्थियों को न्याय दिलाने तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए? महाकाल लोक सहित सार्वजनिक परियोजनाओं में उठे सवालों की निष्पक्ष जांच कब होगी?

### ऐसा रहेगा चरणबद्ध आंदोलन

चरणबद्ध आंदोलन के तहत मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेशभर में पत्रकार वार्ताएं। छात्रों की गूंज अभियान। 14-15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक जेन जेड साईक्लोथान। मुख्यमंत्री के प्रत्येक जिले के दौरे पर सार्वजनिक रूप से प्रश्न पूछे जाएंगे। 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव। जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में उज्जैन में मुख्यमंत्री भूमि प्रकरण के विरोध में विशाल जनआंदोलन एवं रैली। विधानसभा सत्र में इन सभी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

---

## ग्राहक अब ज्वेलर्स के पास भी जमा कर सकेंगे सोना

**नई दिल्ली।** अब आप अपने सोने को बैंक लॉकर की तरह ज्वेलर्स (सराफा व्यापारी) के पास भी जमा कर सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार अगले दो हफ्तों के में एक नई और अपडेटेड 'गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम' का एलान कर सकती है। नई स्कीम में देशभर के सराफा व्यापारियों को 'कलेक्शन पार्टनर्स' के रूप में शामिल किया जा सकता है, जिससे वे आम लोगों से सोना जमा कर सकेंगे। इससे पहले सिर्फ बैंकों को ही सोना जमा करने की अनुमति थी। 'ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन' ने कहा है कि नए फ्रेमवर्क के तहत ज्वेलर्स को कलेक्शन पार्टनर बनाने से घरों में रखे सोने को इकट्ठा करने में तेजी आएगी। इससे उम्मीद है कि सरकार बाजार से 1000 टन से ज्यादा सोना जुटा सकेगी।

## आधार कार्ड में ईमेल- क्कअब घर बैठे अपडेट कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** अब आप आधार सेवा केंद्र जाए बिना मोबाइल से ही अपने आधार में ईमेल आईडी फ्री में लिंक और अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नए आधार एप में 1 जुलाई से 6 महीने के लिए नई सर्विस शुरू कर दी है। यूआईडीएआई के नोटिफिकेशन के मुताबिक, 31 दिसंबर तक यूजर नए आधार एप के जरिए ईमेल आईडी अपडेट कर सकेंगे। खास बात ये है कि, डिजिटल सर्विस के शुरू होने के सिर्फ दो दिन में ही देशभर में 2.5 लाख से ज्यादा लोग एप से अपना ईमेल आईडी अपडेट कर चुके हैं। यूआईडीएआई के मुताबिक एप के जरिए आधार में अपडेट की प्रोसेस काफी सिंपल है।

## सरकार नोटिस भेजकर मेटा से पूछेगी- ऐसे विज्ञापन कैसे चले, इन्हें कैसे रोका जाएगा

**नई दिल्ली।** इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेट को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों को लेकर सरकार पैरेंट कंपनी मेटा को समन भेजेगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यह निर्देश दिए। मंत्रालय मेटा से पूछेगा कि इंस्टाग्राम पर ऐसे विज्ञापन कैसे प्रसारित हुए और उन्हें रोकने के लिए प्लेटफॉर्म की ओर से क्या कदम उठाए गए। साथ ही यह भी पूछा जाएगा कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेट को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों को रोकने के लिए कंपनी की क्या कर रही है। दरअसल, बीबीसी ने शुक्रवार को अपनी इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में बताया था कि इंस्टाग्राम भारत में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापन दिखा रहा है। इससे पहले सरकार ने 1 जुलाई को मेटा को नोटिस जारी कर वाट्सएप के यूजरनेम फीचर पर नोटिस भेजा था।

## होटल में वीडियो कॉल के दौरान 26 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत

**हैदराबाद।** शहर के लंगर हौज क्षेत्र स्थित एक होटल में 26 वर्षीय महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका है, हालांकि अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम व फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के समय महिला कथित तौर पर अपने एक मित्र से वीडियो कॉल पर बात कर रही थी। पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है। मृतका की पहचान अलवाल निवासी रेनुका के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रेनुका विवाहित थीं और उनका एक बच्चा भी है। वह हैदराबाद के एक रेस्तरां और पब में काम करती थीं।

## सरकारी स्कूलों में बच्चों को हिंदू प्रार्थना के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों में धार्मिक प्रार्थनाओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी बच्चे को हिंदू प्रार्थना या धार्मिक मंत्रों का पाठ करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह टिप्पणी उस जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसमें राज्य सरकार के 12 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में सरस्वती वंदना, गायत्री मंत्र, गुरु मंत्र और शांति मंत्र सहित विभिन्न धार्मिक प्रार्थनाओं का अनिवार्य पाठ कराने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि यदि कहीं किसी छात्र को उसकी इच्छा के विरुद्ध धार्मिक प्रार्थना पढ़ने के लिए मजबूर किया जाता है तो वे इस संबंध में दोबारा न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

## बांग्लादेश में भारतीय वीजा सेवाओं का होगा विस्तार

**ढाका।** करीब दो वर्ष के अंतराल के बाद बांग्लादेश में भारतीय पर्यटक वीजा सेवाएं दोबारा शुरू होने के बाद आवेदनों में आई भारी बढ़ोतरी को देखते हुए भारत ने अपनी वीजा सेवाओं का और विस्तार करने का फैसला किया है। भारत के इस कदम का बांग्लादेश में व्यापक स्वागत किया गया है। भारतीय उच्चायोग का कहना है कि बड़ी संख्या में लोग पर्यटन, व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा और अन्य उद्देश्यों से भारत की यात्रा करना चाहते हैं। इसी बढ़ती मांग को देखते हुए वीजा प्रक्रिया को अधिक तेज, सरल और सुविधाजनक बनाने की दिशा में अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं।

---

### यूपी में एक और पति का कत्लः नींद की गोलियां देकर मारा

# बाथरूम में गाड़ दी पति की लाश मिस्त्री बुलाकर लगवा दीं टाइल्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगरा

आगरा में एक महिला ने अपने पति की हत्या की, फिर उसकी लाश घर के बाथरूम में ही दफना दी। किसी को इस बात का पता न चले, इसके लिए बाथरूम में लाश के ऊपर टाइल्स लगवा दीं।

45 दिन तक लोगों से कहती रही कि पति लापता है। शुक्रवार को जब पुलिस वेरिफिकेशन करने पहुंची, तो महिला घबरा गई और पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी महिला का नाम रूबी है। उसने बताया ने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद लाश पर मिट्टी डालकर प्लास्टर करवा दिया था। फिर लेबर बुलाई और फिर टाइल्स भी लगवा दी थी। पुलिस ने बाथरूम का फर्श तोड़कर मृतक सुरेंद्र कुमार शर्मा का कंकाल बरामद किया। घटना का खुलासा होने के बाद बड़ी संख्या में आस-पास के लोग जमा हो गए।

**45 दिन तक लोगों से कहती रही पति लापता है**

### मृतक के भाई की शिकायत पर पहुंची पुलिस

राजस्थान में भरतपुर के रहने वाले सुरेंद्र कुमार शर्मा ( उम्र 44) सिकंदरा में दहतोरा के रेणुका धाम कॉलोनी में रहते थे। उनकी शादी साल-2010 में रूबी से हुई थी। रूबी इटावा की रहने वाली है। दोनों की दो बेटियां रिद्धी और सिद्धी हैं। घर में सुरेंद्र के अलावा पत्नी रूबी, मां कमला और दोनों बेटियां रहती थीं। सुरेंद्र के पिता राधेश्याम शर्मा टीचर थे। सुरेंद्र 18 मई से लापता थे। 26 मई को पत्नी रूबी ने थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रूबी लगातार घरवालों और पड़ोसियों से पति के लापता होने की बात कहती रही। पुलिस शुक्रवार को एक पुराने मामले में पूछताछ के लिए रूबी के घर पहुंची, तो उसका व्यवहार संदिग्ध लगा। सुरेंद्र के भाई ने भी पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस ने घर की जांच कराई। पुलिस को बाथरूम के फर्श पर संदेह हुआ। इसके बाद बाथरूम की खुदाई कराई गई, जहां से सुरेंद्र का कंकाल मिला। पुलिस का मानना है कि इस वारदात में किसी अन्य व्यक्ति की भी भूमिका हो सकती है। पुलिस ने कंकाल को जांच के लिए भेज दिया है। साथ ही हत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### मृतक के भाई से कहा- मारकर दफना दिया

सुरेंद्र के भाई अनिल शर्मा ने बताया- सुरेंद्र कुछ करता नहीं था। वह शराब पीता था। इसको लेकर उसका रूबी से झगड़ा होता रहता था। 18 मई को रूबी ने मुझे कॉल कर-के कहा कि मेरे घर पुलिस दबिश दे रही है इसलिए मां और बच्चियों को अपने घर ले जाओ। दूसरे दिन रूबी भी मेरे घर आ गई। उसने बताया कि सुरेंद्र कहीं चले गए हैं। 4-5 दिन में लौटने की बात कहकर गए हैं। जब सुरेंद्र नहीं आए, तब 26 मई को अनिल ने रूबी के साथ चौकी पर गुमशुदगी की शिकायत दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक कराए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मैंने कई बार पूछा, लेकिन रूबी ने कुछ नहीं बताया। 7 दिन पहले मैंने सुरेंद्र के बच्चों और मां को उसके घर भेज दिया था। अनिल शर्मा ने बताया- 27 जून को मां को फिर सुरेंद्र के घर से ले आया। मां को भरतपुर ले जाकर बैंक का स्टेटमेंट चेक किया। क्योंकि, मां के खाते में पेंशन आती थी। वह रूबी ही खर्च करती थी। शुक्रवार को रूबी ने कॉल करके मुझे घर बुलाया। मैं सुबह 6 बजे ही घर पहुंच गया। उससे पूछा कि सुरेंद्र कहां है? उसने बताया कि बाथरूम में दफना दिया है।

## काशी-विश्वनाथ मंदिर गेट पर जवान से कार्बाइन गिरी, गोलियां चलीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट पर शनिवार सुबह साढ़े 7 बजे पीएसी जवान के हाथ से कार्बाइन गिर गई। कार्बाइन से दो राउंड फायर हो गए। गनीमत रही कि गोलियां सीधे सड़क पर जा लगीं। इसके बाद सड़क की गिट्टी उखड़कर लगने से 3 लोग घायल हो गए। अचानक भीड़ के बीच गोलियां चलने से वहां भगदड़ जैसा माहौल बन गया। कुछ देर किसी को समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ। गोलियों की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

## मंगेतर की हत्या की आरोपी सिया का दूसरा मोबाइल मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

पुणे की वडगांव अदालत ने शुक्रवार को केतन अग्रवाल की हत्या के आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दोनों को पुणे की येरवदा जेल में रखा जाएगा। पुलिस ने दोनों की कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

कोर्ट में पेशी के दौरान सिया और चेतन ने नार्को (पॉलीग्राफ) टेस्ट से साफ इनकार कर दिया था। हालांकि एक दिन सिया के वकील ने पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए सिया की सहमति होने का बात कही थी। वडगांव कोर्ट के जज एएम विभूते ने कहा कि आरोपियों की सहमति के बिना यह टेस्ट नहीं किया जा सकता, इसलिए अब उनका नार्को टेस्ट नहीं होगा। सिया और चेतन पर आरोप है कि उन्होंने केतन को 18 जून को पुणे के लोहगढ़ फोर्ट से धक्का देकर मार डाला था। केतन और सिया की शादी इस साल नवंबर में होने वाली थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि सिया और चेतन ने हत्या की साजिश रचते समय बातचीत के लिए कोडवर्ड का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से डिलीट किया गया बड़ा डेटा रिकवर कर लिया है और उसमें इस्तेमाल की गई सांकेतिक भाषा को डिकोड करने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी।

## गुजरात में बाढ़, 19 लोगों का रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेंडरडा

मानसून देश के लगभग सभी राज्यों में पहुंच चुका है। राजस्थान-गुजरात के कुछ हिस्से बाकी हैं, हालांकि उससे पहले गुजरात में बारिश के चलते बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। गुजरात के मेंडरडा इलाके में समधियाला गांव के पास बाढ़ के पानी में चार गाड़ियां फंस गईं। जिसमें से 19 लोगों का रेस्क्यू किया गया। उधर महाराष्ट्र के नालासोपारा में रेलवे स्टेशन के बाहर घुटनों तक पानी भर गया। पैसेंजर्स को पानी में घुसकर स्टेशन पहुंचना पड़ रहा है। पालघर में बारिश के बीच स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश के बाद सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के माइनर ओटी में पानी भर गया। यहां से मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया। मध्य प्रदेश के भोपाल-इंदौर समेत 26 से ज्यादा जिलों में शुक्रवार को तेज बारिश हुई। उज्जैन में पुलिया पार करने की कोशिश में युवक मोटरसाइकिल समेत बह गया।

## खामेनेई के अंतिम संस्कार में बेटे मुजतबा नहीं पहुंचे, 100 से ज्यादा देशों के नेता शामिल

**तेहरान।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम विदाई की रस्में शुरू हो गई हैं। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत देश की टॉप लीडरशिप शुक्रवार को तेहरान में खामेनेई को श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इस दौरान सुरक्षा वजहों से अयातुल्लाह अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई शामिल नहीं हुए। अंतिम संस्कार के कार्यक्रमों में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये जैसे देशों के टॉप लीडर्स ने इससे दूरी बरती।

## 40 दिन में घटकर 4 फीट के हुए बाबा बर्फानी

**पहलगाम/बालटाल।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार 4 फीट रह गया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को प्रथम पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 3 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग महज 4 फीट का दिखाई दे रहा है। इसकी चौड़ाई भी घट गई है। यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। पहले दिन 12 हजार यात्रियों ने अमरनाथ गुफा में दर्शन किए हैं। दूसरा जत्था आज पहुंचेगा।

# टीएमसी हेडक्वार्टर पर बागी गुट का कब्जा

### ताले हटाए, पोस्टर बदले, इनमें ममता की फोटो नहीं, एक दिन पहले पार्टी सिंबल पर दावा किया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित पार्टी हेडक्वार्टर पर कब्जा कर लिया। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में गुट ने दफ्तर के ताले बदल दिए और नए पोस्टर लगाए। नए पोस्टर्स में ममता बनर्जी की तस्वीर नहीं थी। हालांकि, अंदर लगी उनकी तस्वीर और कटआउट को नहीं हटाया गया।

ऋतब्रत बनर्जी ने समर्थकों-नेताओं के साथ मुख्यालय में बैठक कर खुद को असली तृणमूल कांग्रेस बताया। उन्होंने कहा कि अब पार्टी का काम यहीं से चलेगा। एक दिन पहले गुरुवार को उनके गुट ने चुनाव आयोग में पार्टी के नाम, चुनाव चिह्न और संगठन पर दावा पेश किया था। विधानसभा चुनाव में हार के बाद 3 जून को टीएमसी के 80 में से 58 विधायक ममता बनर्जी के नेतृत्व से अलग हो गए थे। 22 जून को हुई प्रतिनिधि बैठक में नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था।

### ममता समर्थक कुनाल घोष मुख्यालय में घुस नहीं हो पाए

ममता बनर्जी समर्थक गुट के वरिष्ठ नेता कुनाल घोष कार्यालय पहुंचे, लेकिन गेट पर ताला लगे होने के कारण अंदर नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि जो लोग ये दावा कर रहे हैं, वे निर्दलीय चुनाव जीतकर नहीं आए थे। कार्यालय पर कब्जा राज्य प्रशासन और पुलिस की सहमति से किया गया है।

### ममता के पास अब 22 विधायक और 17 सांसद बचे

- टीएमसी के पास कुल 28 लोकसभा सांसद थे, जिसमें से 20 अलग हो गए हैं। अब लोकसभा में ममता के पास सिर्फ 8 सांसद बचे हैं। राज्यसभा की बात करें तो 13 में से 4 सांसद इस्तीफा दे चुके हैं यानी सिर्फ 9 राज्यसभा सांसद बचे हैं।
- विधानसभा की बात करें तो टीएमसी ने इस बार के चुनाव में 80 सीटें जीती थीं। इसमें से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। ममता के पास सिर्फ 22 विधायक बचे हैं।

### बंगाल चुनाव में हार के बाद बागी गुट ने ऋतब्रत को नेता चुना

3 जून को टीएमसी में पहली बार बगावत की खबर सामने आई थी। 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना। विधानसभा स्पीकर रथींद्र बोस को समर्थन पत्र दिया। इसमें मांग की गई कि ऋतब्रत को नेता विपक्ष घोषित किया जाए। स्पीकर ने मंजूरी दे दी।



## खबर एक नजर...

### सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन

**उज्जैन।** वनविभाग के डिप्टी रेंजर पद से सेवानिवृत्त हुए श्री अन्तरसिंह जी चौहान ठिकाना-मंगरोला का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी सर्वश्री ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट,चंन्द्रभानसिंह चंदेल, मलखानसिंह दिखित,शैलेंन्द्रसिंह ठाकुर,गोविंन्दसिंह चंदेल,सौदानसिंह आदि ने साफा बांधकर,माला,पुष्पमाला,शाल श्रीफल से अभिनंन्दन किया। डॉ. हितेश दिल्लीवाल बने ऑल इंडिया डेंटल सर्जन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

### डॉ. एमडी मंजूर ने जारी किया नियुक्ति पत्र, स्थानीय चिकित्सा जगत में हर्ष

**उज्जैन।** दंत चिकित्सकों के प्रतिष्ठित संगठन ऑल इंडिया डेंटल सर्जन्स एसोसिएशन ने उज्जैन के डॉ. हितेश दिल्लीवाल को तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के केंद्रीय कार्यालय ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एमडी मंजूर ने नियुक्ति पत्र जारी कर डॉ. दिल्लीवाल को इस शीर्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने डॉ. दिल्लीवाल को उनके सफल और प्रभावशाली कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। शहर के चिकित्सक को राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से स्थानीय दंत चिकित्सकों और चिकित्सा जगत में हर्ष का माहौल है।

### पहली बारिश भी नहीं झेल पाया 2 महीने पहले बना पुल, भ्रष्टाचार की खुली पोल



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री के गृह जिले और उनके विधानसभा क्षेत्र उज्जैन दक्षिण में निर्माण कार्यों में बड़े भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यहां ग्राम आकासुदा से असलाना को जोड़ने के लिए महज दो महीने पहले बना पुल पहली ही बारिश में ध्वस्त हो गया। पुल धस गया और दरारें आ गई। कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने बताया कि बारिश के मौसम में ग्रामीणों का आवागमन सुगम बनाने के लिए इस पुल का निर्माण हाल ही में किया गया था। पहली बारिश का पानी भी यह पुल नहीं झेल सका। निर्माण के मात्र दो महीने बाद ही इसके भरभराकर जमींदोज होने से निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुल के कंक्रीट में आई गहरी दरारें और निर्माण में बरती गई लापरवाही साफ नजर आ रही है। इस घटना ने विकास कार्यों में गुणवत्ता के दावों की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है।

### भाजपा अजा मोर्चा उज्जैन और मंदसौर संभाग की संयुक्त बैठक आज

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की उज्जैन एवं मंदसौर संभाग की संयुक्त बैठक आज 4 जुलाई शनिवार को दोपहर 12 बजे फ्रीगंज स्थित भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों के लिए विस्तार से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य और प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार उपस्थित रहेंगे। बेठक में मोर्चा के वर्तमान कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों के संबंध में रुपरेखा तैयार की जाएगी,इस महत्वपूर्ण बैठक में उज्जैन और मंदसौर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों के मोर्चा से संबंधित सांसद, विधायक, महापौर, स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं भाजपा जिला अध्यक्षगण सहित मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, महामंत्री व अन्य अपेक्षित श्रेणी के सभी प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे।

### अर्जी वाले हनुमान मंदिर में होगा 2000 फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर में निरंजनी अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज के सानिध्य में आगामी 5 जुलाई को वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। सिंहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में 2 हजार फलदार पौधे रोपे जाएंगे। यह निर्णय मंदिर ट्रस्ट की बैठक में लिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ 2028 में देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को ताजे फल और प्राकृतिक छाया उपलब्ध कराना है।

पर्यावरण संरक्षण और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पिछले वर्ष भी मंदिर परिसर में एक हजार फलदार पौधों का रोपण किया गया था। अब ये पौधे पेड़ का रूप लेने लगे हैं और इनमें फल भी आने लगे हैं। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु इन फलों का रसस्वादन कर रहे हैं। अब 5 जुलाई को 2000 और नए पौधे लगाए जाएंगे, जो आगामी सिंहस्थ तक पूरी तरह फल देने के लिए तैयार हो जाएंगे।

# दीक्षा आंतरिक सुदृढ़ता तो शिक्षा बनाती है समर्थ

## कालिदास कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ संपन्न, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने की अनुदान की घोषणा

### नवप्रवेशित छात्राओं को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम के तृतीय दिवस का समापन समारोहपूर्वक हुआ। अंतिम दिन नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने छात्राओं को प्रारंभिक शिक्षा से उच्च शिक्षा की ओर सही दिशा में अग्रसर होने का संदेश देते हुए उनके सतत विकास के लिए आवश्यक अनुदान प्रदान करने की घोषणा की।





विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल ने कहा कि महाविद्यालय का वातावरण विद्यार्थियों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। श्रेष्ठ संस्थान में अध्ययन उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षा व्यक्ति को आंतरिक सुदृढ़ता प्रदान करती है, जबकि शिक्षा उसे शैक्षणिक रूप से समर्थ और प्रबुद्ध बनाती है। यह नई उड़ान का स्वर्णिम अवसर है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महेंद्र जैन ने महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कर रही संयोजिका डॉ. कविता जैन मंगलम ने विभिन्न समितियों के प्रभारियों से छात्राओं का परिचय कराया।

## दो दिवसीय युवा संसद शुरू, देश-विदेश के मुद्दों पर मंथन कर रहे छात्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रिंग रोड स्थित प्राइवेट होटल में युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रभावी संवाद कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उज्जैन में दो दिवसीय युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 'आइडियल की मगर' संस्था द्वारा किया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का समापन 4 जुलाई को होगा। संस्था के फाउंडर रक्षित पाठक ने बताया कि युवा संसद का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि युवाओं को अपने विचार तार्किक और प्रभावी ढंग से रखने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में लोकसभा, यूएनएचआरसी, महाभारत और एक्सप्रेस कमेटी जैसे विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रतिभागी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों पर शोध आधारित चर्चा कर रहे हैं। कनक पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें इंदौर, देहरादून, दिल्ली सहित देश के विभिन्न शहरों के साथ पूरे मध्य प्रदेश के विद्यार्थी शामिल हुए हैं। स्थानीय कमेटी में सिंहस्थ के बजट और उसके आर्थिक प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा हो रही है, जबकि लोकसभा कमेटी में यूजीसी एक्ट सहित समसामयिक मुद्दों पर गंभीर बहस की जा रही है।प्रतिभागियों के मार्गदर्शन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञों को मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया है। आयोजन के माध्यम से युवाओं को रिसर्च, तार्किक सोच, सार्वजनिक संवाद और नेतृत्व के गुण विकसित करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम प्रतिभागियों को वास्तविक संसद की कार्यप्रणाली का अनुभव भी प्रदान कर रहा है।

## जिन्ना का ऑफर ठुकराने वाले अमर शहीद ब्रिगेडियर उस्मान को दी श्रद्धांजलि, पौधारोपण व सामग्री वितरण

### सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी ने अपंग आश्रम में किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



देश के महान सपूत ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के 78वें शहीदी दिवस पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा अपंग आश्रम में पौधारोपण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रमवासियों को दूध, ब्रेड और फलों का वितरण किया गया।

संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि यह कार्यक्रम देश के वीर सपूत की स्मृति में आयोजित किया गया। विचार गोष्ठी में समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने ब्रिगेडियर उस्मान का स्मरण करते हुए कहा कि वे देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धा थे। उनकी योग्यता और बहादुरी देखकर पाकिस्तान के संस्थापक जिन्ना ने उन्हें पाकिस्तानी सेना का प्रमुख बनने का ऑफर दिया था। मातृभूमि को सर्वोच्च मानते हुए उन्होंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया था। इससे नाराज होकर पाकिस्तान ने उनके सिर पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा था।

वक्ताओं ने बताया कि 1948 में जब पाकिस्तान ने कबाइलियों के जरिए कश्मीर पर कब्जा करने की नाकाम कोशिश की, तब ब्रिगेडियर उस्मान की बहादुरी और कुशल रणनीति के कारण दुश्मन को पीछे हटना पड़ा था। कश्मीर में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और सेना प्रमुख उनसे मिलने गए, तब उन्होंने आश्वस्त किया था कि आप देश की अंदरूनी सुरक्षा करें, हम पाकिस्तान को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। अपना वादा निभाते हुए 3 जुलाई 1948 को वे वीरगति को प्राप्त हुए। अदम्य साहस के लिए उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में तत्कालीन प्रधानमंत्री और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। देश उनके बलिदान को कभी भुला नहीं पाएगा।

### इन्होंने भी अर्पित की श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में रफी शोध संस्थान के डायरेक्टर डॉ. तेज कुमार मालवीय, समाजसेवी सैयद उस्मान हसन, डॉ. एपीजे कलाम सोसायटी के अध्यक्ष अधिवक्ता समीर खान, समाजसेवी विनीत सोलंपंखी, शिक्षाविद लियाकत खान, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, संस्था लक्ष्य के उपाध्यक्ष इरफान राईन, मोहम्मद फारूक मेव और नासिर मंसूरी ने भी अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

## उज्जैन रेल चालक लॉबी को पूर्ववत रखने की मांग, रेल मंत्री को भेजा पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रतलाम रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों में शामिल उज्जैन से वर्तमान में भोपाल (बीना), बड़ोदरा, कोटा और गुना दिशाओं में यात्री एवं मालगाड़ियों का सुरक्षित संचालन लंबे समय से होता रहा है। भविष्य में खंडवा दिशा में भी रेल संचालन प्रस्तावित है। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों से उज्जैन की रेल चालक (लोको पायलट) लॉबी का कार्यक्षेत्र लगातार सीमित किया जा रहा है। सजग उज्जैन मंच के उपाध्यक्ष आशीष चौरे ने इस संबंध में रेल मंत्री को पत्र लिखकर बताया है कि उज्जैन की चालक लॉबी का कार्य समाप्त कर जबरन इंदौर में लॉबी विकसित की जा रही है। इसके चलते उज्जैन के रेल कर्मचारियों का स्थानांतरण इंदौर, महू (डॉ. अंबेडकर नगर) और रतलाम किया जा रहा है, जिससे यहां का चालक मुख्यालय लगातार कमजोर हो रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में शुरू हुई उज्जैनझकोटा मेमू ट्रेन के संचालन के लिए भी उज्जैन के स्टाफ का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसके बजाय कोटा से एक कर्मचारी स्पेयर के रूप में ट्रेन से उज्जैन आता है, लगभग 24 घंटे यहां रुकता है और अगले दिन उसी ट्रेन का संचालन करता है। इस पूरी प्रक्रिया में रेलवे पर अतिरिक्त व्यय भी हो रहा है, जबकि उज्जैन में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें कार्य नहीं दिया जा रहा है।आशीष चौरे ने रेल मंत्री से अनुरोध किया है कि उज्जैन चालक मुख्यालय के लगातार हो रहे मैनपावर लॉस को रोका जाए तथा उज्जैन रेल चालक लॉबी को उसका पूर्ववत कार्यक्षेत्र और सभी पुराने संचालन अधिकार वापस दिए जाएं।

## राम मंदिर पर दिग्विजय सिंह की नौटंकी बंद हो – सुरेंद्र सांखला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष *सुरेंद्र सांखला* ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के राम मंदिर और महाकाल से अयोध्या यात्रा संबंधी बयानों पर कड़ा प्रहार किया है।

सुरेंद्र सांखला ने कहा कि अयोध्या का 500 वर्षों का इतिहास लाखों बलिदानों से भरा है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था, प्रभु श्रीराम के प्रति समर्पण और सनातन धर्म-संस्कृति की वैभवशाली परंपरा के खिलाफ दिग्विजय सिंह की यह नौटंकी बंद होनी चाहिए। राम मंदिर कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, यह 500 साल के संघर्ष और बलिदान के बाद मिली जीत है।

महाकाल से लेकर अयोध्या तक की यात्रा करना यह साबित करता है कि दिग्विजय सिंह अब फुरसतिया हो गए हैं। हिंदू देवी-देवताओं के आस्था केंद्रों में जिन्होंने भी गड़बड़ की है, वह दोषी है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

दिग्विजय सिंह को अपने पूर्वजों के बलिदान को भी याद करना चाहिए, जिन्होंने हिंदुत्व के लिए काम किया। लेकिन दिग्विजय सिंह फुरसतिया राजनीति के चलते सिर्फ यात्रा करने की घोषणा कर रहे हैं। यह आस्था नहीं, केवल राजनीतिक नौटंकी है।

इसके पहले भी दिग्विजय सिंह और कांग्रेस ने 'भगवा आतंकवाद' जैसे शब्दों का प्रयोग कर सनातन को बदनाम किया और कई निर्दोष लोगों को प्रताड़ित करवाया। कांग्रेस ने जीवन भर राम मंदिर का विरोध किया। अब जब करोड़ों की आस्था का प्रतीक राम मंदिर बन गया, महाकाल लोक से सनातन का गौरव लौट रहा है, तो इन्हें तकलीफ हो रही है।

करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर राजनीति करना बंद करें। राम मंदिर हो या महाकाल – दोषी बचेगा नहीं। लेकिन दिग्विजय सिंह हर बार सनातन धर्म-संस्कृति और हिंदुत्व को बदनाम करने का एजेंडा लेकर आते हैं। जनता इनके दोहरे चरित्र को समझ चुकी है।

## एआईआईईए का 76वां स्थापना दिवस मना, शाखा प्रबंधक ने बताया पवित्र ट्रेड यूनियन

### वक्ताओं ने सामाजिक सरोकार और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में संगठन के योगदान को सराहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारतीय जीवन बीमा निगम की भरतपुरी स्थित उज्जैन 1 शाखा में बुधवार को ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन का 76वां स्थापना दिवस गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा ने संगठन के उच्च आदर्शों व कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए इसे एक पवित्र ट्रेड यूनियन की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि यह ऐसा संगठन है जो सदैव अपने कर्तव्यों का निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ आईईयू के उपाध्यक्ष अनिल कुरेल ने झंडावंदन कर किया। सभा में धर्मेंद्र शर्मा, अलका सिंह और लियाफी के वरिष्ठ नेता बीएल मूंदड़ा ने संगठन के 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और सामाजिक दृष्टिकोण पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि यह अनूठा संगठन बीमा कर्मचारियों को केवल वेतन कमाने वाला मजदूर नहीं मानता, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक करता है। प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य हो, राष्ट्रीय एकता का मुद्दा हो या सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ाई, संगठन ने हमेशा मजदूर वर्ग और आम जनता की एकजुटता को सर्वोपरि रखा है।

आयोजन में प्रथम श्रेणी अधिकारी संगठनों की ओर से सुनील उपाध्याय, इकबाल हुसैन, रविन्द्र पारदे और रूपा यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में अभिकताओं ने भी शामिल होकर संगठन की विचारधारा के प्रति समर्थन व एकजुटता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत सोहले ने किया। अंत में बीडी बैरागी ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, अभिकताओं और कर्मचारियों का आभार माना।

## माधव महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभर में बढ़ाया मान -डॉ. सोलंकी

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में यूडीए अध्यक्ष ने छात्रों को किया संबोधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने महाविद्यालय के कुलगान का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माधव महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभर में संस्थान का नाम रोशन किया है।

डॉ. सोलंकी ने अपने छात्र जीवन का स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने भी इसी महाविद्यालय में अध्ययन किया है। यह एक अनूठा शिक्षण संस्थान है, जिसकी ख्याति पूरे देश में है। इसी महाविद्यालय से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की स्थापना भी हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने की सलाह देते हुए कहा कि जो नियमित आते हैं, उन्हें पढ़ाई का तनाव नहीं रहता। डॉ. सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से उज्जैन नगर का कायाकल्प हो रहा है।



उन्होंने सभी छात्रों से आगामी सिंहस्थ पर्व में शामिल होकर अपनी सेवाएं देने का आह्वान किया।

### इनके स्वर और शब्दों से सजा कुलगान

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण दिया। समारोह के दौरान कवि अशोक भाटी द्वारा लिखित और गायक महेश मोयल द्वारा गाए गए माधव महाविद्यालय के कुलगान का विमोचन किया गया। डॉ. अल्पना उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। सरस्वती वंदना नलिनी तिलकर ने प्रस्तुत की।

### विभिन्न प्रकोष्ठों की दी गई जानकारी

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों ने विद्यार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी। शोध एवं विकास सेल प्रभारी प्रो. मनीष शर्मा, संस्था नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. शुभकामना रक्ताले, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. शुभम कुंभारे, बिजनेस इन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. आयुषी सूर्यवंशी, उन्नत भारत अभियान प्रभारी प्रो. मोहन मुजाल्दा, सतत विकास लक्ष्य व छात्रवृत्ति योजना प्रभारी प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा और सतत विकास लक्ष्य सेल प्रभारी प्रो. अजीता केलवा ने अपने विभागों की कार्यप्रणाली बताई। मुक्स पाठ्यक्रम प्रभारी प्रो. सादिक मंसूरी ने विभिन्न पाठ्यक्रमों पर तथा धीरज सारोठिया ने आईसीटी आधारित शिक्षण पद्धतियों पर विचार व्यक्त किए।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर डॉ. बी.एस. अखंड, डॉ. शोभा मिश्र, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. ममता पंवार, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. राजश्री शर्मा, एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले, एनएसएस अधिकारी डॉ. नीरज सारवान, डॉ. रफीक नागोरी, क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट, साथी सेल प्रभारी डॉ. राजश्री सेठ, डॉ. अंशु भारद्वाज, युवा उत्सव समिति प्रभारी डॉ. हुक्का कटारा और पूर्व छात्र लकी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना अधर्व्यू ने किया।


## प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के मार्गदर्शन मे काली पट्टी बांधकर प्राध्यापकों ने कार्य किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के प्रांताध्यक्ष प्रो. आनंद शर्मा एवं संरक्षक प्रो. कैलाश त्यागी के मार्गदर्शन एवं दिशा निदेर्शानुसार उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, ग्रंथपालों एवं क्रीड़ा अधिकारियों की दीर्घ अवधि से लंबित मांगों के निराकरण न होने के कारण आज से सम्पूर्ण प्रदेश में महाविद्यालयीन प्राध्यापकों ने कर्तव्य स्थल पर काली पट्टी बांधकर आक्रोश जाहिर कर कार्य किया। संभागीय अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले ने बताया की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन की शुरूआत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय, कि प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर किया। उक्त ज्ञापन प्रांतीय सचिव डॉ. केशवमणि शर्मा, संभागीय अध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले, जिला उपाध्यक्ष डॉ. जी.एल. खागोड़े, जिला सचिव डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, सहसचिव डॉ. अंशु भारद्वाज, महाविद्यालय के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज सारवान, उपाध्यक्ष डॉ. सुनील सूर्यवंशी, सचिव डॉ. राजश्री सेठ, सहित प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय उच्च शिक्षा प्रकोष्ठ अजाक्स ने समर्थन प्रदान कर प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अल्पना उपाध्याय, डॉ. संजू शर्मा, डॉ. एल.एस. गोराश्या, डॉ. दिनेश जोशी, प्रो. रायसिंह सोलंकी,डॉ. चन्द्रदीप यादव, डॉ. नलिनी तिलकर, प्रो. मोहन

उज्जैन
शनिवार
04
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### मालिक के 25 लाख रुपए लेकर फरार हुआ ड्राइवर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**इंदौर।** लसूड़िया थाना पुलिस ने 25 लाख रुपए की नकदी चोरी के मामले में अस्पताल संचालक के ड्राइवर और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की मोबाइल लोकेशन पचमढ़ी में मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों को दबोच लिया। वे यहां से गोवा भागने की फिराक में थे। एसीपी पराग सैनी की टीम ने 30 जून 2026 को निजी अस्पताल के संचालक मनीष संघवी, निवासी वृंदावन पैलेस कॉलोनी, निपानिया की कार से 25 लाख रुपए चुराने वाले उनके ड्राइवर दीपक सोलंकी और उसके साथी मोहित उर्फ चिंटू यादव को गिरफ्तार कर लिया। दीपक ने मनीष से कार में डीजल डलवाने की बात कही थी। इसके बाद वह काफी देर तक वापस नहीं आया। मनीष जब बाहर आए तो कार खड़ी थी, लेकिन दीपक वहां नहीं था। कार के अंदर रुपए से भरा बैग भी नहीं था। मनीष ने ये रुपए अस्पताल से बैंक में जमा कराने के लिए निकाले थे। अगले दिन उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। दीपक ने अपने साथी मोहित को कॉल कर बताया था कि उसके हाथ बड़ी रकम लगी है। इसके बाद दोनों कार से पचमढ़ी भाग गए। दोनों यहां से गोवा भागने वाले थे, लेकिन पुलिस लगातार उनकी मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश कर रही थी। बताया जाता है कि जिस कार से वे भागे थे, उसमें जीपीएस भी लगा था। दोनों ने मनीष से चुराए गए रुपयों से दो महंगे मोबाइल और कुछ कपड़े भी खरीद लिए थे।

### इंदौर में रिटायर्ड पुलिस अधिकारी की बेटी से दुष्कर्म

**इंदौर।** इंदौर के एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी की बेटी शुक्रवार को दुष्कर्म के मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए लसूड़िया थाने पहुंची। बताया जा रहा है कि युवती की एक एप पर ग्वालियर के युवक से पहचान हुई थी। वह पीथमपुर में कंपनी के काम से आया था। इस दौरान उसने लसूड़िया क्षेत्र के एक होटल में युवती को बुलाया और शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए। बाद में आरोपी शादी की बात से मुकर गया। हालांकि, युवती ने आठ दिन पहले भी इस मामले में शिकायत की थी, लेकिन तब पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी। मामला लसूड़िया क्षेत्र के एक होटल का है। यहां सुदामा नगर में रहने वाले एक रिटायर्ड वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की बेटी शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर निवासी सुमित नामक युवक से करीब एक माह पहले एक डेटिंग ऐप पर उनकी पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। सुमित निजी कंपनियों में मैनपावर सप्लाई का काम करता है। उसने युवती को लसूड़िया क्षेत्र के एक होटल में मिलने के लिए बुलाया, जहां शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए। युवती का कहना है कि बाद में उसे पता चला कि सुमित पहले से शादीशुदा है। जब उसने उससे शादी की बात की तो वह इंकार करने लगा और उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया। इसके बाद युवती ने लसूड़िया थाने पहुंचकर शिकायत की, जहां पुलिस ने उसका आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।

### इंदौर में महिलाओं को धमकी देने, पीछा करने के तीन मामले

**इंदौर।** इंदौर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महिलाओं और छात्राओं को धमकाने तथा पीछा करने के तीन मामले सामने आए हैं। खजराना, परदेशीपुरा और जूनी इंदौर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खजराना थाना पुलिस ने 35 वर्षीय महिला की शिकायत पर उसके पति बबलू शेख निवासी अनारबाग और उसके मित्र जाकिर पटेल निवासी नागदा के खिलाफ धमकी देने और प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह सिलाई का काम करती है, जबकि उसका पति देवास में नौकरी करता है। पति के व्यवहार से परेशान होकर वह पिछले दो माह से अलग रह रही है। आरोप है कि इसके बाद पति लगातार फोन कर उसे जान से मारने और हाथ-पैर कटवाकर कहीं फिंकवा देने की धमकी दे रहा है। महिला का आरोप है कि पति के कहने पर उसका मित्र जाकिर भी फोन कर धमकियां देता था। पीड़िता ने आशंका जताई है कि दोनों उसके साथ किसी गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं।

### दहेज प्रताड़ना मामले में सास-ससुर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इंदौर।** दहेज प्रताड़ना, मारपीट और आपराधिक धमकी के आरोपों से जुड़े एक मामले में इंदौर जिला न्यायालय ने शाजापुर निवासी दंपती योगेंद्र कोठारी और अर्चना कोठारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। 2 जुलाई को पारित आदेश में कोर्ट ने कहा कि जब जांच एजेंसी स्वयं आरोपितों की गिरफ्तारी को आवश्यक नहीं मान रही है, तब अग्रिम जमानत देने का कोई औचित्य नहीं बनता। महिला थाना इंदौर में दर्ज एफआईआर के अनुसार फरियादिया अवधि जैन ने शिकायत में बताया कि उनका विवाह 30 अक्टूबर 2025 को अक्षत कोठारी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शिकायत के अनुसार, विवाह में मायके पक्ष ने आभूषण, नकदी और घरेलू सामान सहित करीब 40 लाख रुपए खर्च किए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाह के बाद पति, सास और ससुर ने कम दहेज लाने का ताना देते हुए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

---

ईडी की जांच तेज, सहकारी समिति की जमीन बेचकर फंड गबन का आरोप

# नवभारत हाउसिंग सोसायटी घोटाला में 4.64 करोड़ की हेराफेरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की चर्चित नवभारत हाउसिंग सोसायटी में करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। करीब 4.64 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताओं और जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने आरोपी श्रीकांत घंटे, सुभाष चंद्र दुबे, राकेश जैन, अंतिम जोशी और आनंद शाह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय, इंदौर में चालान पेश किया है। मामले में कोर्ट ने आरोपियों को नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



यह मामला इंदौर के एमजी रोड थाने में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें नवभारत गृह निर्माण सहकारी समिति के तत्कालीन पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे। इसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के पहलुओं की जांच प्रारंभ की थी।

ईडी की जांच में सामने आया है कि सोसायटी के तत्कालीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निदेशक मंडल के कुछ सदस्यों ने नियोजित तरीके से सोसायटी की संपत्तियों का दुरुपयोग किया। आरोप है कि सोसायटी के फंड से खरीदी गई जमीनों को विभिन्न संस्थाओं और पक्षों को बेच दिया गया और उससे प्राप्त राशि का हिसाब-किताब छिपाकर फंड का गबन किया गया।

जांच एजेंसी का दावा है कि इस पूरी प्रक्रिया में सोसायटी के सदस्यों को धोखे में रखा गया और जमीन बिक्री से जुड़े कई रिकॉर्ड भी नष्ट कर दिए गए, ताकि वित्तीय लेन-देन की वास्तविक जानकारी सामने न आ सके।

ईडी के अनुसार, घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न स्तरों पर खपाया गया और बाद में उससे अचल संपत्तियां खरीदी गईं। जांच में यह भी सामने आया है कि गबन की गई राशि को वैध दिखाने के लिए कई वित्तीय लेन-देन किए गए, जिन्हें धनशोधन की श्रेणी में माना गया है।

**64 लाख की संपत्तियां पहले ही हो चुकी हैं अटैच**

ईडी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 12 फरवरी को पीएमएलए-2002 के तहत आरोपी श्रीकांत घंटे और सुभाष चंद्र दुबे के नाम पर दर्ज करीब 64 लाख रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क (अटैच) कर दी थीं। एजेंसी का कहना है कि मामले में अभी भी जांच जारी है और आगे और खुलासे हो सकते हैं।

---

# इंदौर के शिल्पकार ने सजाया जोधपुर एयरपोर्ट

## 3 माह में गढ़ीं पांच भव्य कलाकृतियां, प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे अनावरण

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर के मूर्तिकार व कलाकार महेंद्र कोडवानी की कला को एक बार फिर राष्ट्रीय पहचान मिली है। राजस्थान के जोधपुर एयरपोर्ट के लिए तैयार की गई उनकी भव्य कलाकृतियों का 4 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अनावरण किया जाएगा।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक पहचान को उभारने की जिम्मेदारी विशेष रूप से महेंद्र कोडवानी को सौंपी गई थी।

महेंद्र कोडवानी और उनकी टीम ने महज तीन माह में 20 से अधिक कलाकारों के सहयोग से जोधपुर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत को दर्शाने वाली पांच प्रमुख कलाकृतियां तैयार की हैं।

इनमें जोधपुर की आत्मा को समर्पित एक कलात्मक यात्रा, पीकॉक टेल्स : रंग, संस्कृति और मारवाड़ की आत्मा का उत्सव, विमान पर विराजमान भगवान शिव : कैलाश से लोककल्याण की दिव्य यात्रा, खेजड़ली : प्रकृति रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान की अमर गाथा तथा वीर दुगार्दास राठौड़ : साहस, त्याग और स्वाभिमान की अमर गाथा शामिल हैं।





कलाकृतियों में मारवाड़ की लोक संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और आस्था कलाकृतियों में फाइबर, मोजेक, कैनवास, टाइल्स, लकड़ी, कपड़ा और पारंपरिक शिल्प तकनीकों का उपयोग किया गया है। इन रचनाओं के माध्यम से जोधपुर और मारवाड़ की लोक संस्कृति, स्थापत्य कला, ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण की गौरवशाली परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है।

**राजस्थान की आत्मा को प्रत्येक यात्री से परिचित कराना उद्देश्य-** महेंद्र कोडवानी ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल सजावटी कलाकृतियां बनाना नहीं था, बल्कि जोधपुर आने वाले प्रत्येक यात्री को राजस्थान की आत्मा, उसके रंगों, उत्सवों और लोकजीवन से परिचित कराना था। एयरपोर्ट पर स्थापित ये कलाकृतियां यात्रियों को राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का प्रथम परिचय देंगी।

**पहले भी मिल चुका है राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान**

कोडवानी इससे पहले भी देश के कई प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स में अपनी कला का योगदान दे चुके हैं। वाराणसी में संत रविदास की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर चुके हैं। इसके अलावा प्रयागराज कुंभ, उज्जैन, चित्रकूट सहित देश के अनेक शहरों में उनकी बनाई प्रतिमाएं और कलाकृतियां स्थापित हैं। बड़ौदा, हुबली, तिरुवनंतपुरम और तिरुपति एयरपोर्ट के लिए भी वे कलात्मक कार्य कर चुके हैं।

---

# इंदौर में अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार से 1.62 करोड़ की ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर साइबर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार के साथ हुई 1.62 करोड़ रुपए की साइबर ठगी को 24 घंटे के भीतर नाकाम कर दिया। ठगी गई पूरी रकम शिकायतकर्ता के बैंक खाते में सुरक्षित रिफंड करा दी गई।

शुक्रवार को मामले का खुलासा हुआ है। साइबर के मुताबिक, इंदौर निवासी हजेला परिवार की घुड़सवार सितंबर-अक्टूबर 2026 में जापान में होने वाले एशियन गेम्स की तैयारी कर रही हैं। घोड़ा खरीदने के लिए उनकी डेनमार्क की कंपनी से डील चल रही थी। इसके तहत उन्होंने 45 प्रतिशत राशि कंपनी के अधिकृत बैंक खाते में भेज भी दी थी।

इसी दौरान 29 मई 2026 को ठगों ने कंपनी के डायरेक्टर के नाम से फर्जी ईमेल आईडी बनाकर बैंक खाता बदलने का ईमेल भेज दिया। झांसे में आकर खिलाड़ी ने 1 करोड़ 62 लाख रुपए के स्कैमर खाते में ट्रांसफर कर दिए।

शिकायत मिलते ही एसपी साइबर सव्यसाची सराफ ने टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद स्कैमर का जेपी मॉर्गन बैंक खाता तत्काल होल्ड कराया गया।

साइबर सेल ने अपनी आधिकारिक ईमेल आईडी से जेपी मॉर्गन बैंक प्रबंधन को लीगल नोटिस भेजा। इसके बाद 30 जून 2026 तक पूरी 1.62 करोड़ रुपए की राशि शिकायतकर्ता के खाते में रिफंड करा दी गई। बता दें, नवंबर-दिसंबर 2025 में भी साइबर सेल ने इसी खिलाड़ी के साथ हुए 3.75 करोड़ रुपए के बिजनेस ईमेल कॉम्प्रोमाइस फ्रॉड की रकम रिफंड कराई थी।

---

# जॉब का झांसा देकर छात्र से 44 हजार रुपये की ठगी

## युवती ने किया कॉल, कहा- डेटा एंट्री की नौकरी के लिए आप सिलेक्ट हो गए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जॉब का झांसा देकर छात्र से 44 हजार की ठगी:इंदौर में युवती ने किया कॉल, कहा- डेटा एंट्री की नौकरी के लिए आप सिलेक्ट हो गए

इंदौर के एक छात्र के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जॉब दिलाने का झांसा देकर ठगों ने उससे अलग-अलग बहानों से करीब 44 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। मामले में एमआईजी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एमआईजी पुलिस के मुताबिक, नेहरूनगर निवासी राजेश पाटीदार ने शिकायत में बताया कि 17 जून को उसके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाली युवती ने अपना नाम अनुष्का बताया और कहा कि जॉब के लिए किया उसका आवेदन चयनित हो गया है।

उसने कुछ व्यक्तिगत जानकारी और फील्ड संबंधी विवरण मांगा। इसके बाद बताया कि डेटा एंट्री की नौकरी के लिए उसका चयन हुआ है और जल्द ही टेलीफोनिक इंटरव्यू होगा। इस दौरान एक रेफरेंस आईडी भी मांगी गई।

युवती ने चयन प्रक्रिया के नाम पर 1,800 रुपए एक अकाउंट में जमा करने को कहा। उसने भरोसा दिलाया कि 50 रुपए काटकर बाकी राशि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लौटा दी जाएगी।




इसके बाद दूसरे व्यक्ति का कॉल आया। उसने कहा कि इंटरव्यू मोबाइल पर ही होगा और उसके लिए तैयार रहें। इंटरव्यू के बाद उसने चयन होने की बात कहकर फिर 1,800 रुपए जमा करा लिए। कुछ देर बाद दोबारा कॉल कर 8,500 रुपए और जमा करने को कहा। आरोपियों ने यह राशि भी रिफंड होने का भरोसा दिया। इसके बाद सर्विस चार्ज और जीएसटी के नाम पर भी अलग-अलग रकम मांगी गई।

**आरोपियों ने कराए 8 ट्रांजेक्शन-** शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने कुल आठ ट्रांजेक्शन कराकर राजेश से करीब 44 हजार रुपए ले लिए। इसके बावजूद न तो नौकरी मिली और न ही कोई राशि वापस की गई। ठगी का अहसास होने पर राजेश ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। शिकायत के आधार पर एमआईजी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

फिटनेस-परमिट और सुरक्षा मानकों में मिलीं गंभीर खामियां

# आरटीओ ने 10 स्कूल वाहनों को किया जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा छोटा बांगड़दा क्षेत्र में चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान 10 स्कूली वाहनों को जब्त किया गया।

आरटीओ की टीम ने विभिन्न स्कूलों में संचालित बसों, ट्रेवलर और मैजिक वाहनों की आकस्मिक जांच की। इस दौरान 3 स्कूल बसें, 3 ट्रेवलर और 4 मैजिक वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर लिया गया।

**परमिट, फिटनेस और सुरक्षा उपकरणों की हुई जांच-** निरीक्षण के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा दस्तावेज और अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया गया। आरटीओ अधिकारियों ने स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों से भी फीडबैक लिया। वाहन चालकों द्वारा तेज रफ्तार से वाहन चलाने, मोबाइल फोन के उपयोग और अन्य सुरक्षा संबंधी शिकायतों की भी जानकारी जुटाई गई।



**सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन मिला**

- जांच में कई वाहन स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते पाए गए। वहीं तीन वाहनों के परमिट और फिटनेस प्रमाणपत्र की अवधि भी समाप्त हो चुकी थी। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया> कार्रवाई में आरटीओ प्रदीप शर्मा, एआरटीओ अर्चना मिश्रा, आरटीओ कार्यालय और फ्लाइंग स्क्वाड की टीम शामिल रही।
- स्कूल और कॉलेज वाहनों की आकस्मिक जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल उन्हीं वाहनों का संचालन करें जो पूरी तरह फिट हो, जिनके दस्तावेज वैध हो और जो सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हो। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

इंदौर में धमाके में 4 लोग झुलसे थे; पीड़ितों को अब तक मुआवजा भी नहीं मिला

# गैस पाइपलाइन हादसा: हाईकोर्ट ने पूछा-पार्षद पर एफआईआर क्यों नहीं?

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के विजय नगर स्थित अवंतिका गैस पाइपलाइन हादसे में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार और पुलिस की कार्रवाई पर कोर्ट ने कड़े सवाल उठाए। कोर्ट ने पूछा कि जब नगर निगम की जांच रिपोर्ट में स्थानीय पार्षद की भूमिका का उल्लेख है, तो उनके खिलाफ अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई।

कोर्ट ने पूरे मामले में राज्य सरकार से 13 जुलाई तक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। करीब 20 मिनट चली सुनवाई में नगर निगम की जांच रिपोर्ट और पुलिस की कार्रवाई का परीक्षण किया गया। निगम की रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस स्थान पर गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई, वहां बोरिंग का काम स्थानीय पार्षद बालमुकुंद सोनी की ओर से कराया जा रहा था। सरकार की ओर से दलील दी गई कि जांच की प्रक्रिया जारी है, लेकिन कोर्ट ने पूछा कि जब निगम अपनी रिपोर्ट सौंप चुका है तो वह शासन तक क्यों नहीं पहुंची और उसके आधार पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। कोर्ट ने इसे शासन और नगर निगम के बीच समन्वय की कमी बताते हुए दोनों एजेंसियों को बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**हादसे में झुलसा चौथा पीड़ित आया सामने-** सुनवाई के दौरान हादसे से जुड़ा एक नया तथ्य भी सामने आया। गैस लीकेज में झुलसे चौथे पीड़ित लल्लू पटेल की ओर से इंटरविनर आवेदन पेश किया गया। बताया गया कि हादसे के बाद उनका इलाज निजी अस्पताल और बाद में बॉम्बे हॉस्पिटल में हुआ। अब तक इस पीड़ित की जानकारी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई थी। पीड़ितों की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि हादसे के बाद अब तक किसी भी पीड़ित को मुआवजा नहीं मिला है। कई पीड़ित गंभीर रूप से झुलसे हैं और लंबे समय तक काम करने की स्थिति में नहीं हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सामने आजीविका का संकट है, वहीं बैंक लोन और ईएमआई चुकाने में भी दिक्कतें आ रही हैं। वकीलों ने कोर्ट से पीड़ितों को तत्काल राहत दिलाने की मांग की।

**कालानी नगर के बाद फिर गैस लीकेज, कोर्ट में उठा सुरक्षा का मुद्दा**

सुनवाई के दौरान गुरुवार को कालानी नगर क्षेत्र में सामने आए एक अन्य गैस लीकेज मामले का भी उल्लेख किया गया। वकीलों ने कोर्ट को बताया कि यह एक संभावित बड़ा हादसा था, जो समय रहते टल गया। उन्होंने तर्क दिया कि शहर में बार-बार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, क्योंकि विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का अभाव है।

बताया गया कि कई बार बिना पर्याप्त जानकारी और तकनीकी परीक्षण के खुदाई कार्य शुरू कर दिए जाते हैं। काम करने वाले श्रमिकों और ठेकेदारों को यह तक पता नहीं होता कि जमीन के नीचे गैस पाइपलाइन या अन्य महत्वपूर्ण यूटिलिटी लाइनें मौजूद हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से 13 जुलाई को विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

# कांग्रेस में रहकर पार्टी की मुसीबतें बढ़ाने वाले होंगे चिन्हित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में अक्सर अपने ही नेताओं के कारण पार्टी की मुसीबतें बढ़ती रहती हैं। कई नेता सीधे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से लेकर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह तक को निशाने पर ले लेते हैं।

अब पार्टी लाइन से हटकर अक्सर विवादित बयान देने वाले कांग्रेसियों की मुसीबतें बढ़ने वाली हैं। एमपी कांग्रेस अब ऐसे विवादित नेताओं की लिस्ट तैयार करने जा रही है जो पार्टी लाइन से हटकर बयान देते हैं। एमपी कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ संजय कामले ने बताया कि पार्टी फोरम पर सीनियर लीडर्स ने कई बार यह विषय उठाया है कि कई कार्यकर्ता ऐसे हैं जो अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी करते हैं। ऐसे नेताओं पर लगाम लगाने के लिए अब पार्टी कड़ा फैसला लेने जा रही है।




सोशल मीडिया पर भी पार्टी के खिलाफ लिखने वाले होंगे चिन्हित कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ संजय कामले ने सभी जिला अध्यक्षों को भेजे पत्र में लिखा है कि पार्टी को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर पार्टी की नीतियों, नेतृत्व और फैसलों के खिलाफ पोस्ट कर रहे हैं। इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा। चिन्हित करें नोटिस दें न मानें तो एक्शन लें पत्र में कहा गया है कि प्रदेश प्रभारी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने तय किया है कि किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला अध्यक्षों से कहा गया है कि ऐसे पदाधिकारियों और कार्यकताओं की पहचान कर उन्हें पहले नोटिस जारी करें।

यदि इसके बाद भी उनके व्यवहार में सुध नहीं होता है तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजें। जिले में कार्रवाई नहीं हो सकती तो सबूतों के साथ प्रदेश को रिपोर्ट भेजें पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन नेताओं के खिलाफ जिला स्तर पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनके मामलों की पूरी जानकारी और साक्ष्यों के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी जाए, ताकि उनके विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जा सके। संगठन ने जिला इकाइयों से इस काम को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# केन-बेतवा प्रभावितों का चिता आंदोलन फिर शुरू हुआ

## न्याय दो या मार दो के नारे लगाए; नेतृत्व आदिवासी महिलाएं कर रहीं

### प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए

### आरोप- एक भी वादे का पालन नहीं हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छतरपुर



छतरपुर और पन्ना जिलों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, जिनमें केन-बेतवा लिंक परियोजना, मझगाय माध्यम, रूंझ, नैगुवा सिंचाई और एनटीपीसी शामिल हैं, में कथित अन्याय और झूठे आश्वासनों के खिलाफ स्थगित 'चिता आंदोलन' फिर से शुरू हो गया है।

यह आंदोलन 'न्याय दो या मार दो' के नारे के साथ शुक्रवार से केन-बेतवा प्रभावित कुपी ग्राम के पास केन नदी की सहायक बराना नदी पर चल रहा है। इस आंदोलन का नेतृत्व आदिवासी महिलाएं कर रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और आंदोलन के नेता अमित भटनागर ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अमित ने आरोप लगाया कि प्रशासन के भ्रष्ट और तानाशाही रवैये के कारण लगभग 50 हजार लोग बेघर हो गए हैं। इन लोगों को उनके जल, जंगल, जमीन, आजीविका और संस्कृति से उजाड़ दिया गया है। अमित भटनागर ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के कारण 46 लाख पेड़ों, पन्ना टाइगर रिजर्व और केन नदी के विनाश को पर्यावरण के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की। आंदोलन के नेताओं दिव्य अहिरवार, चिता और लक्ष्मी आदिवासी ने कहा कि अप्रैल में चले उनके 'चिता आंदोलन' के बाद प्रशासन ने उनकी मांगें पूरी करने के जितने भी वादे किए थे, उनमें से एक का भी पालन नहीं किया गया। इसके विपरीत, लोगों में भय का माहौल पैदा करने के लिए उन पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए, अवैध बेदखली की गई, बिजली काटी गई और स्कूल तोड़े गए। आदिवासी महिलाओं, जिनमें बड़ी बहू आदिवासी भी शामिल हैं, का कहना है कि इस बार वे सरकार के झूठे आश्वासनों में नहीं आएंगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उन्हें न्याय नहीं दे सकती, तो उन्हें इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाए।

## सतना में वन कर्मी का परिवार निकला बाघ का शिकारी, दो महीने बाद कब्र खोदकर अवशेष मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

सतना जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र के सरभंगा जंगल में बाघ के शिकार का मामला सामने आया है। इस घटना में जंगल की सुरक्षा में तैनात चौकीदार और उसके परिवार की संलिप्तता उजागर हुई है। वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को कब्र खोदकर बाघ के अवशेष बरामद किए। इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है और जांच तेज कर दी गई है।

सतना वनमंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को लगभग पांच दिन पहले एक मुखबिर से जानकारी मिली थी। सूचना के अनुसार, सरभंगा जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने के लिए लगाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई थी। घटना के बाद शिकार में शामिल लोगों ने बाघ के शव को जंगल में ही दफना दिया था। सूचना मिलते ही वन विभाग ने अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और गोपनीय जांच शुरू की। कई दिनों तक क्षेत्र में जानकारी जुटाई गई और संभावित स्थानों की पहचान की गई। गुरुवार को वन विभाग ने डॉग स्क्वॉड, उड़नदस्ता दल और वन परिक्षेत्र अधिकारी रंजन सिंह परिहार सहित अन्य वनकर्मियों के साथ बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, लगातार बारिश, घने जंगल और सटीक जानकारी के अभाव में टीम को कोई सफलता नहीं मिली और बाघ के अवशेष नहीं मिल पाए।

# ओवरनाइट एक्सप्रेस के जश्न में स्टेशन मास्टर ने तोड़े नियम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीहोर

सीहोर रेलवे स्टेशन पर इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस के स्टॉपेज के जश्न के दौरान नियमों का उल्लंघन हुआ। स्टेशन मास्टर जयशंकर मिश्रा को रेलवे ट्रैक पर चलते हुए कैमरे में कैद किया गया, जबकि उन्हें फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करना चाहिए था। इस घटना का वीडियो शुक्रवार को सामने आया है।

यह घटना गुरुवार रात को हुई, जब लंबे इंतजार के बाद इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट सुपरफास्ट एक्सप्रेस का सीहोर स्टेशन पर ठहराव शुरू हुआ था। इस दौरान भोपाल सांसद आलोक शर्मा भी उपस्थित थे।

ट्रेन के सीहोर स्टेशन पर रुकने के बाद नेताओं और नागरिकों ने लोको पायलट का स्वागत किया। सांसद आलोक शर्मा ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया, जिससे पूरे स्टेशन पर उत्सव का माहौल था। ट्रेन के रवाना होने के तत्काल बाद, स्टेशन मास्टर जयशंकर मिश्रा अपने कुछ अधीनस्थ रेलवे कर्मचारियों के साथ प्लेटफॉर्म नंबर 1 से प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर जाने के लिए निकले। नियमों के अनुसार उन्हें फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करना था, लेकिन उन्होंने सीधे रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। ?

इस मामले में रेलवे अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। ?रेलवे प्रशासन आम जनता को आए दिन पटरियां न पार करने और फुट ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करने की समझाइश देता है। इसके लिए कड़े कानूनी प्रावधान भी हैं। ?

रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 147 इस धारा के तहत बिना अनुमति रेलवे ट्रैक पार करना या रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश एक दंडनीय अपराध है। दोषी पाए जाने पर 6 महीने तक की जेल या 1,000 रुपए तक का जुमार्ना, अथवा दोनों का प्रावधान है।

# 12 घंटे से बारिश, नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे बंद, हरदा में नदियां उफान पर, कई गांवों का संपर्क टूटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से कई जिलों में हालात बिगड़ गए हैं। नदियां और नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। कई इलाकों में घरों और खेतों में पानी भर गया है, जबकि कई सड़कों और पुलों पर पानी बहने से यातायात प्रभावित हुआ है।

हरदा में तेज बारिश के कारण कई गांवों का संपर्क कट गया है। ग्राम मांदला के पास कालीमाचक नदी का पानी पुल से करीब तीन फीट ऊपर बह रहा है, जिससे नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे बंद हो गया है।

खंडवा में पिछले 12 घंटे से झमाझम बारिश जारी है। रेड अलर्ट के बीच यहां चार इंच तक बारिश होने का अनुमान है। आष्टा ब्लॉक में शुक्रवार रात से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। पार्वती, पपनास और नेवज नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

खाचरोद, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, भंवरा, बागैर, सिंगारचोरी, हराजखेड़ी, ढकनी और मुगली समेत कई गांवों में घरों में पानी घुस गया है। लगातार बारिश से खेत भी तालाब जैसे नजर आने लगे हैं। वहीं, ग्राम पंचायत बड़घाटी-रामापुरा में बाढ़ का पानी खेतों तक पहुंचने से किसानों की सोयाबीन फसल को नुकसान हुआ है। सीहोर के अमलाहा-गोलूखेड़ी मार्ग पर अजनाल नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है। बता दें, इंदौर-उज्जैन समेतप्रदेश के 19 जिलों में शनिवार को अति भारी या भारी बारिश की संभावना है। बड़वानी और खंडवा में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे में 8 इंच पानी गिर सकता है।

# जबलपुर में 800 करोड़ की टनल पर 2000 करोड़ रुपए खर्च

## केग को 100 करोड़ की अनियमितता का अनुमान, ईओडब्ल्यू पहुंची स्लीमनाबाद प्रोजेक्ट की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



मध्य प्रदेश के महत्वाकांक्षी बरगी डायवर्जन प्रोजेक्ट की स्लीमनाबाद टनल एक बार फिर विवादों में है। वर्ष 2008 में करीब 800 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से शुरू हुई यह परियोजना करीब 18 साल बाद लगभग 2000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। इस बीच नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने परियोजना में करीब 100 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताओं की ओर संकेत किया है। CAG ने 31 मार्च 2023 तक के रिकॉर्ड की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि अनुबंध की शर्तों से हटकर ठेकेदार को अतिरिक्त भुगतान किया गया।

'फोर्स मेज्योर' का हवाला देकर डी-वॉटरिंग के नाम पर 39.60 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया। इसके अलावा सीमेंट कंक्रीट ग्राउट ब्लॉक का काम मूल ठेकेदार की बजाय दूसरी एजेंसी को 13.24 करोड़ रुपए में दिया गया। इन दोनों मामलों में कुल 53.04 करोड़ रुपए का अनुचित लाभ मिलने की बात उअऋने कही है। इसी रिपोर्ट के आधार पर 3 जुलाई को जबलपुर के आरटीआई कार्यकर्ता नीरज मिश्रा ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल और लोकायुक्त से शिकायत कर जांच की मांग की है।

केग के अनुसार, अनुबंध में शामिल कुछ कार्यों का खर्च सरकार ने खुद उठाया। सड़क मरम्मत समेत अन्य मदों में भी विभाग ने राशि की वसूली नहीं की। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुबंध के दायरे के कुछ काम दूसरे ठेकेदार को दिए गए और अतिरिक्त भुगतान के लिए विशेष परिस्थितियों का हवाला दिया गया।

इन्हीं तथ्यों के आधार पर आरटीआई कार्यकर्ता नीरज मिश्रा ने एडह और लोकायुक्त को 95 पन्नों की शिकायत सौंपी है। इसके साथ 18 दस्तावेज भी साक्ष्य के तौर पर लगाए गए हैं। उनका आरोप है कि विभाग ने ठेकेदार कंपनी को नियमों से अधिक राहत दी। मिश्रा के अनुसार, निर्माण कंपनी ने लंबे समय तक काम बंद रखा, फिर भी उसकी बैंक गारंटी जब्त नहीं की गई। कंपनी ने काम दूसरी कंपनियों से कराया, लेकिन उसके खिलाफ अनुबंध के अनुसार कार्रवाई भी नहीं हुई।

### पहाड़ काटकर टनल बनाना आसान काम नहीं

दूसरी ओर, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता डीएल वर्मा ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि यह देश की सबसे बड़ी सुरंग परियोजनाओं में से एक है। पहाड़ काटकर 12 किलोमीटर लंबी टनल बनाना सामान्य निर्माण कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों से कुछ अतिरिक्त खर्च हुए, इसलिए अलग से मंजूरी लेनी पड़ी। उनका दावा है कि हर अतिरिक्त भुगतान शासन की अनुमति से किया गया। उनके अनुसार उअऋने मौके की वास्तविक परिस्थितियों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया।

### 25.98 करोड़ रुपए की अतिरिक्त मंजूरी

शिकायत में 12 अक्टूबर 2023 के एक पत्र का भी उल्लेख है। इसके अनुसार 25.98 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि अनुबंध से अलग मंजूर की गई। दिसंबर 2023 में विद्युत लाइन शिफ्टिंग के लिए 17.33 लाख रुपए और जीएसटी भुगतान



की अनुमति भी सरकार ने दी। मिश्रा का आरोप है कि निर्माण के दौरान आने वाले लगभग हर अतिरिक्त खर्च का भुगतान सरकारी खजाने से किया गया। उन्होंने तत्कालीन सचिव सीएस पवार, जीपी सोनकर, तत्कालीन मुख्य अभियंता राममणि शर्मा, वर्तमान मुख्य अभियंता डीएल वर्मा, तत्कालीन कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव और ठेकेदार कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। साथ ही वर्ष 2021 और 2023 की उच्चस्तरीय बैठकों की फाइलें, तकनीकी मंजूरियां और वित्तीय दस्तावेज जब्त कर फोरेंसिक जांच कराने की मांग भी की है।

## खबर एक नजर...

### कुएं में गिरा बैल, बचाने उतरे 3 लोगों की मौत

**मैहर।** मैहर जिले के खरामसेड़ा गांव स्थित अहिरान टोला में शुक्रवार रात एक कुएं में गिरे बैल को बाहर निकालने के प्रयास में चार ग्रामीण एक-एक कर कुएं में उतरे। भीतर मौजूद जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी के कारण चारों बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने सूझबूझ से बचाव अभियान चलाकर चारों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीन लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल अमरपाटन से सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अमरपाटन थाने के एसआई कैसरी प्रसाद ने बताया कि गांव के एक कुशवाहा परिवार के कुएं में शुक्रवार को एक बैल गिर गया था। बैल को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रात करीब 8:30 बजे गांव के दो युवक रस्सी के सहारे 35 फीट गहरे कुएं में उतरे।

कुछ ही देर बाद दोनों की आवाज आना बंद हो गई। उन्हें अचेत होता देख, बचाने के लिए दो अन्य ग्रामीण भी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के कुएं में उतर गए, लेकिन वे भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए।

### बीच नर्मदा में युवक ने उतार दिया गायों का झुंड, पार कराई डेढ़ किमी की दूरी



**हरदा।** नर्मदा नदी में गायों के एक झुंड को घेरते हुए एक व्यक्ति का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। शुरूआती जानकारी में इसे भैरूंदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छीपानेर का बताया गया। ग्रामीणों ने कहा कि घटना छोटी छीपानेर की है। यह हरदा जिले में आता है। ग्रामीणों के मुताबिक शुक्रवार सुबह गायों का झुंड नर्मदा नदी पार कर छोटी छीपानेर की ओर से निकला। झुंड पानी के रास्ते ग्राम छीपानेर क्षेत्र से होते हुए आगे पुल के उस पार ग्राम पीपल लहरा की ओर पहुंच गया। इस दौरान झुंड ने तैरकर डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय की। झुंड हरदा, सीहोर से होकर तीसरे जिले देवास पहुंचा। वायरल वीडियो में एक युवक मवेशियों को घेरते दिख रहा है। वीडियो ने पशुओं के प्रति संवेदनशीलता, उनके साथ मानवीय व्यवहार पर सवाल खड़े किए हैं।

### भेदभाव की पाठशाला:रास्ते में कीचड़-पानी, घुटने तक पेंट चढ़ाया, लो अब चलें स्कूल



**बैतूल/नर्मदापुरम/हरदा।** नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग का संचालन कर रही मध्य प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों के साथ दोहरा रवैया अपना रही है। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री के गृह संभाग नर्मदापुरम में जनजातीय बच्चों के साथ भेदभाव हो रहा है।

संभाग के तीनों जिलों में शिक्षा विभाग के 14 और जनजातीय कार्य विभाग के 8 स्कूल हैं। दोनों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं अलग-अलग हैं। जनजातीय कार्य विभाग के सांदीपनि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कीचड़ और कच्चे रास्तों से पैदल स्कूल जाना पड़ रहा है, जबकि शिक्षा विभाग के सांदीपनि स्कूल के बच्चों के लिए बस सेवा उपलब्ध है। मध्य प्रदेश में सांदीपनि स्कूल, जिनका नाम पहले 'सीएम राइज' था, की शुरूआत जून 2022 से हुई है। प्रथम चरण में 275 से अधिक स्कूल शुरू किए गए। अप्रैल 2025 में नाम बदलकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'महर्षि सांदीपनि विद्यालय' रख दिया। इनमें जनजातीय कार्य विभाग के 94 सांदीपनि स्कूल मध्य प्रदेश में हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्थापित किए गए हैं।

### हरदा में उफनाई नदियों ने कई गांवों का संपर्क तोड़ा

**हरदा।** हरदा जिले में शुक्रवार रात और शनिवार सुबह हुई तेज बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी वर्षा के कारण छोटी नदियां और नाले उफान पर आ गए, जिससे कई निचले इलाकों में पानी भर गया। सड़कें और पुल-पुलियाएं जलमग्न होने से कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। जिले के ग्राम मांदला के पास काली माचक नदी उफान पर है। पुल पर करीब तीन फीट पानी आने के कारण नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे बंद हो गया है। इसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। ग्राम कमताड़ा में शनिवार सुबह लगभग 5 बजे एक नाला उफान पर आने से गांव की सड़क तालाब में बदल गई। इससे कई घरों और दुकानों में पानी भर गया। इसी तरह, ग्राम रोलगांव में माचक नदी के उफान पर आने से भी घरों में पानी घुस गया है। आमासेल, रहटाकला, मांदला, ढोलगांव, कडोला, बारंगा, टेमलावाड़ी और सारंगपुर सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

# अमेरिका 250 साल के लिए टाइम कैप्सूल दफन करेगा

## 408 किलो वजन, इसमें व्हेल की हड्डी से AI की भविष्यवाणी तक; आखिर इसकी जरूरत क्यों




**4 जुलाई को अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने के मौके पर 408 किलो का एक टाइम कैप्सूल जमीन में दफनाया जाएगा। इसे फिलाडेल्फिया के इंडिपेंडेंस नेशनल हिस्टोरिकल पार्क में दफनाया जाएगा और 250 साल बाद यानी 2276 में खोला जाएगा।**

इसकी जानकारी नेशनल पार्क सर्विस के आधिकारिक रिकॉर्ड में भी दर्ज की गई है, ताकि 250 साल बाद आने वाली पीढ़ियां इसे ढूंढ़ सकें और इसके बारे में जान सकें।

इस कैप्सूल में 50 राज्यों और आम लोगों की ओर से चुनी गई यादगार चीजें रखी गई हैं, जिसमें व्हेल की हड्डी, दुनिया के सबसे बड़े जिप्सम रेगिस्तान की रेत, राइट बंधुओं के विमान का कपड़ा, अक की भविष्यवाणी और कई ऐतिहासिक दस्तावेज शामिल हैं। टाइम कैप्सूल बंद पेटी या कंटेनर होता है, जिसमें किसी दौर की चीजें सुरक्षित रखी जाती हैं, ताकि भविष्य की पीढ़ियां उस समय के समाज, तकनीक, संस्कृति और जीवन को समझ सकें।




### कैप्सुल सुरक्षित रखने के लिए अपनाई गई खास तकनीकें

टाइम कैप्सूल बनाना जितना मुश्किल नहीं था, उससे बड़ी चुनौती उसे 250 साल तक सुरक्षित रखना था। वैज्ञानिकों के सामने सबसे बड़ा सवाल था कि जमीन के नीचे रखी चीजें ढाई सौ साल बाद भी सुरक्षित कैसे मिले। इस वजह से प्रोजेक्ट से जुड़े कई विशेषज्ञों को इसमें शामिल किया गया। कई साल की रिसर्च के बाद ऐसा डिजाइन तैयार किया गया, जो पानी, नमी, जंग और मौसम के असर से कैप्सूल को बचा सके। यह कैप्सूल चौकोर नहीं, बल्कि बेलन (सिलेंडर) के आकार का है। वैज्ञानिकों के अनुसार चौकोर डिब्बों के कोने समय के साथ कमजोर पड़ जाते हैं और वहीं से पानी अंदर जाने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

### टाइम कैप्सूल को कैसे सील किया गया?

कैप्सूल को कार्यक्रम के दिन सील नहीं किया जाएगा। इसे पहले ही पूरी तरह सील किया जा चुका है। 4 जुलाई को इसे सिर्फ फिलाडेल्फिया में जमीन के नीचे स्थापित किया जाएगा। कैप्सूल को सील करने के लिए खास धातु इंडियम का इस्तेमाल किया गया है। यह नरम धातु ढक्कन बंद करते समय छोटी-से-छोटी दरार भर देती है। इससे कैप्सूल पूरी तरह सील रहता है और अंदर रखा सामान लंबे समय तक सुरक्षित रहता है। अगर कैप्सूल में बहुत ज्यादा नमी होती तो कागज और दूसरी वस्तुएं खराब हो सकती थीं। वहीं नमी पूरी तरह खत्म करने पर कुछ चीजें सूखकर टूट सकती थीं। इसलिए वैज्ञानिकों ने कैप्सूल के अंदर 35% नमी रखी है।




#### रूस, चीन, भारत ने टॉप लीडर्स नहीं भेजे

# खामेनेई के अंतिम संस्कार में बेटे मुजतबा नहीं पहुंचे, 100 से ज्यादा देशों के नेता शामिल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान**



ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम विदाई की रस्में शुरू हो गई हैं। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत देश की टॉप लीडरशिप शुक्रवार को तेहरान में खामेनेई को श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इस दौरान सुरक्षा वजहों से अयातुल्लाह अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई शामिल नहीं हुए।

अंतिम संस्कार के कार्यक्रमों में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये जैसे देशों के टॉप लीडर्स ने इससे दूरी बरती। ईरान की तरफ से न्योता भेजे जाने के बावजूद इन्होंने अपने निचले स्तर के प्रतिनिधियों को भेजा। हालांकि पाकिस्तान, इराक, आर्मेनिया, ताजिकिस्तान, जॉर्जिया जैसे देशों के टॉप लीडर्स समारोह में पहुंचे। वहीं, भारत की तरफ से आधिकारिक तौर पर विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन शामिल हुए।

खामेनेई के अंतिम संस्कार की शुरूआतः ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई का ताबूत तेहरान के इमाम खुमैनी ग्रैंड मुसल्ला पहुंचाया गया। यहां उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। अली खामेनेई के साथ उनकी 14 महीने की पोती, बेटी, पत्नी और दामाद को भी अंतिम श्रद्धांजलि दी गई।

खामेनेई के अंतिम संस्कार को लेकर तेहरान की सड़कों पर सेना और पुलिस की भारी तैनाती की गई है। सभी मुख्य सड़कों, चौराहों और सरकारी इमारतों के बाहर सेना और पुलिस बल तैनात है। मेन रोड्स पर मिलिट्री गाड़ियां पहरा दे रही हैं।

खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल आम लोगों के लिए तेहरान में मेट्रो और सरकारी बसें मुफ्त रहीं। साथ ही होटल किराए में 50% की छूट और स्कूलों-मस्जिदों में ठहरने की व्यवस्था की गई। दूसरे शहरों से लोगों को लाने के लिए स्पेशल ट्रेनें भी चलाई गईं।

खामेनेई की अंतिम यात्रा 5 शहरों से गुजरेगीः अली खामेनेई की अंतिम यात्रा पहले ईरान के तेहरान, कोम से इराक के कर्बला, नजफ से होकर गुजरेगी। आखिर में 9 जुलाई को मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

कतर ने बताया कि खामेनेई के अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर फिर शुरू होगा। वहीं ईरान ने क्अएअ को फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु ठिकानों के निरीक्षण की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

# थाइलैंड में बच्चे ने 10 बौद्ध भिक्षुओं को कुचला

## बिना इजाजत पिकअप ट्रक चला रहा था; पुलिस ने अभी तक केस दर्ज नहीं किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ थाईलैंड**



थाईलैंड के मुकदाहन शहर में गुरुवार को एक बच्चे ने पिकअप ट्रक से बौद्ध भिक्षुओं के जुलूस को कुचल दिया। जिसमें कम से कम 10 भिक्षुओं की मौत हो गई और 5 गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस के मुताबिक, 11 साल का एक लड़का अपने माता-पिता का पिकअप ट्रक बिना इजाजत लेकर निकला था। करीब 10 किलोमीटर चलाने के बाद उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तीर्थयात्रा पर निकले भिक्षुओं के जुलूस में जा घुसा।

यह हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे हुआ। भिक्षुओं का समूह सड़क किनारे एक लाइन में पैदल चल रहा था। स्थानीय रेस्क्यू संगठन की ओर से जारी उउळश फुटेज में पिकअप ट्रक तेज रफ्तार में जुलूस को टक्कर मारता नजर आया। बच्चे के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने अभी तक कोई केस दर्ज नहीं किया है।

थाईलैंड की 93% से ज्यादा आबादी बौद्ध धर्म को मानती है। सार्वजनिक धार्मिक यात्राएं और जुलूस आम बात हैं। मुकदाहन के गवर्नर वोरायन बुन्नारात के मुताबिक, गुरुवार को कुल 35 बौद्ध भिक्षु और पांच आम श्रद्धालु एक मंदिर से दूसरे मंदिर तक पैदल तीर्थयात्रा कर रहे थे। यात्रा शुरू होने के कुछ ही समय बाद यह हादसा हो गया।

अधिकारियों के अनुसार, पांच भिक्षुओं की मौत मौके पर हुई, जबकि अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कई घायलों का इलाज चल रहा है। मुकदाहन अस्पताल ने घायलों के इलाज के लिए लोगों से तत्काल रक्तदान की अपील भी की है।

प्रांतीय पुलिस प्रमुख मेजर जनरल पैरोज थाइफुत्सा ने कहा कि लड़का नाबालिग है। फिलहाल उससे पूछताछ नहीं हो सकी है क्योंकि वह सदमे में है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। इसी वजह से अभी तक कोई आरोप तय नहीं किया गया है। पुलिस पूरे मामले की कानूनी प्रक्रिया और हादसे की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

### बच्चे के परिजनों ने पुलिस को पिकअप ट्रक न होने की सूचना दी

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि लड़का घर पर अकेला था। वह उस दिन अस्वस्थ होने के कारण स्कूल नहीं गया था। इसी दौरान उसने अपने माता-पिता का पिकअप ट्रक बिना अनुमति ले लिया। जब परिजनों को पिकअप घर पर नहीं मिली तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने हादसे के बाद वाहन को जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

## मंगेतर की हत्या की आरोपी सिया का दूसरा मोबाइल मिला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे**

पुणे की वडगांव अदालत ने शुक्रवार को केतन अग्रवाल की हत्या के आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दोनों को पुणे की येरवदा जेल में रखा जाएगा। पुलिस ने दोनों की कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

कोर्ट में पेशी के दौरान सिया और चेतन ने नार्को (पॉलीग्राफ) टेस्ट से साफ इनकार कर दिया था। हालांकि एक दिन सिया के वकील ने पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए सिया की सहमति होने का बात कही थी। वडगांव कोर्ट के जज एएम विभूते ने कहा कि आरोपियों की सहमति के बिना यह टेस्ट नहीं किया जा सकता, इसलिए अब उनका नार्को टेस्ट नहीं होगा।

सिया और चेतन पर आरोप है कि उन्होंने केतन को 18 जून को पुणे के लोहगढ़ फोर्ट से धक्का देकर मार डाला था। केतन और सिया की शादी इस साल नवंबर में होने वाली थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि सिया और चेतन ने हत्या की साजिश रचते समय बातचीत के लिए कोडवर्ड का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से डिलीट किया गया बड़ा डेटा रिकवर कर लिया है और उसमें इस्तेमाल की गई सांकेतिक भाषा को डिकोड करने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी।

दोनों की चैट में कोड वाली भाषा है, जिसमें निकनेम और इमोजी शामिल हैं, जिनका मतलब सिर्फ आरोपी ही बता सकते हैं। पुलिस ने शुक्रवार को सिया के घर से एक और मोबाइल जब्त किया है। जिसे छिपाकर रखा गया था। उसे जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरीभेजा गया है।

## 40 दिन में घटकर 4 फीट के हुए बाबा बफार्नी

### 23 मई को जारी पहली तस्वीर में आकार 7 फीट था

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू**

अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार 4 फीट रह गया है। 23 मई को इरत्रके जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को प्रथम पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 3 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 4 फीट का दिखाई दे रहा है। इसकी चौड़ाई भी घट गई है। यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। पहले दिन 12 हजार यात्रियों ने अमरनाथ गुफा में दर्शन किए हैं। दूसरा जत्था आज पहुंचेगा, जबकि तीसरा जत्था भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हो गया है।

अमरनाथ का हिम शिवलिंग किसी बर्फ के ब्लॉक को तराशकर नहीं बनाया जाता, बल्कि यह प्राकृतिक आइस स्टैलेग्माइट है। जैसे चूना-पत्थर की गुफाओं में जमीन से खनिज जमा होकर स्टैलेग्माइट बनते हैं, उसी तरह अमरनाथ गुफा में छत से टपकने वाला पानी जमकर बर्फ का शिवलिंग बनाता है। इसका आकार हर साल मौसम, तापमान और पानी की उपलब्धता के अनुसार अलग-अलग होता है। यही इसकी सबसे अनोखी विशेषता है।

शिवलिंग इसलिए तेजी से घट रहा है क्योंकि गुफा में बढ़ती मानवीय और प्राकृतिक गतिविधियों से मौसम गर्म हो रहा है। ऊपर से टपकने वाला पानी पहले की तरह जम नहीं पा रहा है।

इधर, यात्रा के पहले दिन यात्रियों के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने एक पत्र लिखा है, जो शुक्रवार को यात्रियों को भी दिया गया। इसमें तीर्थयात्रा को महान सौभाग्य बताते हुए तीर्थयात्रियों से 5 संकल्प लेने को अपील की गई है।

जम्मू प्रशासन ने कहा है कि रजिस्टर्ड तारीख से पहले पहुंचने वाले यात्रियों को यात्रा की इजाजत नहीं दी जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन आने वाले यात्रियों को तत्काल सुविधा देना संभव नहीं है।



**अमरनाथ यात्रा दो रास्तों से की जाती है। पारंपरिक रास्ता 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम से है। दूसरा रास्ता गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल से है। यात्रा 28 अगस्त को खत्म होगी।**

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 04 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

**महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि।**
**तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात्॥**

**भावार्थ** : हम विष्णु पत्नी महालक्ष्मी को जानते हैं तथा उनका ध्यान करते हैं। वे लक्ष्मीजी सन्मार्ग पर चलने के लिये हमें प्रेरणा प्रदान करें।

**विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम्।**
**लक्ष्मीं प्रियसखीं भूमिं नमाम्यच्युतवल्लभाम्॥**

**भावार्थ** : भगवान विष्णु की भार्या, क्षमास्वरूपिणी, माधवी, माधवप्रिया, प्रियसखी, अच्युतवल्लभा, भूदेवी भगवती लक्ष्मी को मैं नमस्कार करता हूँ।

## सम्पादकीयम्

### सत्ता परिवर्तिता

पश्चिमबङ्गदेशे सत्तापरिवर्तनस्य अभावेऽपि निर्वाचनोत्तरहिंसाः, राजनैतिकसङ्घर्षाः च न्यूनतायाः लक्षणं न दृश्यन्ते। टीएमसी-नेतृणां उपरि आक्रमणानि, वर्धमानाः राजनैतिक-तनावाः, कानून-व्यवस्था-सम्बद्धाः प्रश्नाः च राज्यस्य शासनस्य विषये नूतनाः चिन्ताः उत्पन्नाः सन्ति । पश्चिमबङ्गविधानसभानिर्वाचनेन अस्मिन् समये ऐतिहासिकं परिवर्तनं जातम्। परन्तु एतत् परिवर्तनं केवलं शक्तिस्तरस्य एव अभवत् इति भासते; भूमिवास्तविकता अपरिवर्तिता एव तिष्ठति। राज्यम् अद्यापि पूर्ववत् निर्वाचनोत्तरहिंसायाम्, प्रतिशोधस्य कार्येषु च मग्नम् अस्ति। सांसदानां उपरि आक्रमणानि : टीएमसी-नेतृणां उपरि अद्यतन-आक्रमणानि उपेक्षितुं न शक्यन्ते। प्रथमं दक्षिण २४ परगनासु सोनारपुरे दलस्य महासचिवः सांसदः च अभिषेक बनर्जी इत्यस्य लक्ष्यं कृतम्। एतत् विषयं न्यायालये नीत्वा लोकसभाध्यक्षस्य समक्षं स्थापयितुं दलं सज्जं भवति। तदनन्तरं टीएमसी-प्रमुखः सचेतकः कल्याण बनर्जी हुगलीमण्डले स्वनिर्वाचनक्षेत्रे आक्रमणं कृतवान् इति आरोपं कृतवान्। सर्वकारस्य उत्तरदायित्वम्: एतेषां आक्रमणानां कृते तृणमूलकाङ्ग्रेसपक्षः भाजपायाः दोषं ददाति, तथैव ममताप्रशासनस्य विरुद्धं जनानां निहितः क्रोधः अधुना उपरि आगच्छति इति अपि सूचितं भवति।

## भारतं प्रथमनिजीकक्षीयरॉकेट्-उड्डयनार्थं निर्धारितम्: स्काईरूट्-संस्थायाः

# विक्रम-१ मिशन-आगमन् अस्मिन् मासे प्रक्षेपणं भविष्यति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतस्य अन्तरिक्षक्षेत्रम् अस्मिन् मासे ऐतिहासिकं नूतनं अध्यायं द्रष्टुं सज्जम् अस्ति। विक्रम-१, देशस्य प्रथमः निजीरूपेण डिजाइनः, विकसितः, निर्मितः च कक्षीय-रॉकेटः स्वस्य प्रथमपरीक्षण-उड्डयनस्य अन्तर्गतं प्रक्षेपणार्थं पूर्णतया सज्जः अस्ति–मिशन आगमन (आगमनम्) हैदराबाद-नगरस्य निजी-अन्तरिक्ष-कम्पनी स्काईरूट्-एरोस्पेस्-इत्यनेन गुरुवासरे घोषितं यत् आन्ध्रप्रदेशस्य श्रीहरिकोटा-नगरस्य सतीश-धवन-अन्तरिक्षकेन्द्रस्य ऐतिहासिक-प्रक्षेपण-पैड् इत्यत्र विक्रम-१ परीक्षण-उड्डयन-१ पूर्णतया संयोजितम् अस्ति कम्पनी २०२६ तमस्य वर्षस्य जुलै-मासस्य १२ दिनाङ्कात् अगस्त-मासस्य ४ दिनाङ्कपर्यन्तं प्रक्षेपण-विण्डो-निर्धारणं कृतवती अस्ति। एतत् मिशनं भारतस्य निजी-अन्तरिक्ष-उद्योगस्य कृते महत्त्वपूर्णेषु माइलस्टोन्-मध्ये अन्यतमम् इति गण्यते

सामाजिकमाध्यममञ्चे इत्यत्र अद्यतनं साझां कुर्वन् स्काईरूट् एयरोस्पेस् इत्यनेन उक्तं यत् विक्रम-१ इदानीं प्रक्षेपणार्थं पूर्णतया सज्जः अस्ति तथा च भारतस्य ऐतिहासिकस्य प्रथमप्रक्षेपणपैड् इत्यत्र स्थापितः अस्ति। एतत् भारतस्य अन्तरिक्षयात्रायां नूतनयुगस्य प्रारम्भः इति वर्णयन्त्याः कम्पनी अवलोकितवती यत् अस्मिन् रॉकेट्-उपरि एक-अर्ब-भारतीयानां आशाः सवाराः सन्ति। कम्पनी भारतीय-अन्तरिक्ष-अनुसन्धान-सङ्गठनस्य, भारतीय-राष्ट्रीय-अन्तरिक्ष-प्रवर्धन-प्राधिकरण-केन्द्रस्य च कृतज्ञतां प्रकटितवती, येषां



समर्थनेन निजीक्षेत्रं अन्तरिक्ष-मिशनेषु उन्नतिं कर्तुं समर्थः अभवत्

कम्पनीयाः अनुसारं प्रथमवारं कक्षीयरॉकेट्-सम्पूर्णतया निजीभारतीयकम्पनीद्वारा डिजाइनं, विकसितं, निर्मितं च-अस्मिन् ऐतिहासिकप्रक्षेपणस्थाने स्थापितं भवति विक्रम-१ चरणबद्धरूपेण संयोजितं, प्रत्येकं घटकं सावधानीपूर्वकं एकीकृत्य उड्डयनार्थं सज्जीकृतम्। इदानीं प्रक्षेपणस्य उल्टागणना आरब्धा, अस्य मिशनस्य अन्तिमसज्जता च प्रचलति इति कम्पनी कथयति।

विक्रम-१ मिशनं न केवलं रॉकेट-प्रक्षेपणरूपेण, अपितु भारतस्य निज-अन्तरिक्ष-उद्योगस्य वयसः आगमनस्य प्रतीकरूपेण दृश्यते। अधुना यावत् देशे अधिकांशः अन्तरिक्षयानानि इस्रो-संस्थायाः संचालिताः सन्ति; तथापि अन्तिमेषु वर्षेषु अन्तरिक्षक्षेत्रे निजीकम्पनीनां सहभागितायाः प्रोत्साहनं कृतम् अस्ति। अस्याः नीतेः फलस्वरूपं स्काईरूट् इत्यादीनि कम्पनयः अत्याधुनिकप्रक्षेपणवाहनानां विकासे सफलाः अभवन्। यदि विक्रम-१ इत्यस्य परीक्षणं सफलं सिद्धं भवति तर्हि भारतं वैश्विक-अन्तरिक्ष-प्रक्षेपण-विपण्ये निजी-कम्पनीनां सशक्तं उपस्थितिं स्थापयितुं अन्यत् प्रमुखं पदानि गृह्णीयात्। स्काईरूट् एरोस्पेस् इत्यनेन भारतस्य प्रथमः निजी-अन्तरिक्ष-स्टार्टअपः भूत्वा 'यूनिकॉर्न्-पदवीं प्राप्तवान् महत्त्वपूर्णं मीलपत्थरं प्राप्तवान्। कम्पनी ६० मिलियन अमेरिकीडॉलं निवेशं कृत्वा तस्याः मूल्याङ्कनं १.१ अब्ज डॉलरं यावत् कृतवान्। अस्य निवेशस्य दौरस्य संयुक्तरूपेण नेतृत्वं शेपालो वेञ्चर्स्-इत्यस्य प्रारम्भिकस्य गूगल-निवेशकस्य रामश्रीरामस्य उद्यम-पूञ्जी-संस्था-सिङ्गापुरस्य सार्वभौम-धन-कोषस्य जीआईसी-इत्यनेन च अभवत् एतेन वित्तपोषणेन कम्पनीयाः तकनीकीक्षमतायाः उत्पादनविस्तारस्य च नूतनं गतिः प्राप्ता ।

## बिहारे महत्त्वपूर्णः राजनैतिकविकासः

# प्रशांतकिशोरः निर्वाचनक्षेत्रं प्रविशति तर्हि विधानसभा उपनिर्वाचनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

बिहारे महत्त्वपूर्णः राजनैतिकविकासः प्रकटितः अस्ति। 'जनसूरज' अभियानस्य शिल्पकारः प्रशांतकिशोरः शीघ्रमेव पटनानगरस्य उच्चस्तरीयबांकीपुरविधानसभासीटस्य उपनिर्वाचनस्य उम्मीदवारीं घोषयिष्यति इति अपेक्षा अस्ति। सूत्रानुसारं अस्य विषये आधिकारिकघोषणा ५ जुलै दिनाङ्के पत्रकारसम्मेलने निर्धारिता अस्ति यदि प्रशांतकिशोरः निर्वाचनक्षेत्रं प्रविशति तर्हि प्रतियोगिता केवलं विधानसभा उपनिर्वाचनं अतिक्रमयिष्यति बिहारस्य परिवर्तनशीलराजनैतिकपरिदृश्यस्य मध्ये लिटमसपरीक्षारूपेण आगामिसामान्यसभानिर्वाचनस्य पूर्वाभ्यासरूपेण च दृश्यते। उल्लेखनीयं यत् बांकीपुर-सीटं चतुर्दशकेभ्यः भारतीयजनतापक्षस्य (भाजपा) भयंकरं दुर्गं वर्तते; एवं किशोरस्य इतः प्रतिस्पर्धां कर्तुं निर्णयः भाजपायाः प्रत्यक्षं आव्हानं दृश्यते।

भाजपा-वरिष्ठनेता नितिन नवीनस्य त्यागपत्रस्य अनन्तरं बांकीपुर-सीटं रिक्तं जातम्। नवीनः राज्यसभासांसदः भूत्वा विधानसभासदस्यतां त्यक्तवान्, अतः उपनिर्वाचनस्य आवश्यकता अभवत्। निर्वाचनकार्यक्रमानुसारं मतदानं ३० जुलै दिनाङ्के भविष्यति, मतदानगणना अगस्तमासस्य ३ दिनाङ्के भविष्यति, अयं निर्वाचनः राज्यस्तरस्य राष्ट्रियस्तरस्य च राजनैतिकदलानां विश्लेषकाणां च ध्यानं आकर्षयिष्यति।

प्रशांत किशोरः विगतकेषु वर्षेषु प्रसिद्धः निर्वाचनरणनीतिज्ञः इति रूपेण स्थापितः अस्ति। विभिन्नराज्येषु विभिन्नराजनैतिकदलानां कृते निर्वाचनरणनीतयः कल्पयित्वा सः सक्रियराजनीत्यां पदाभिमुखीभूय 'जनसूरज'-अभियानेन बिहारे नूतनराजनैतिकविकल्पस्य निमार्णार्थं प्रयत्नाः आरब्धवान्।

## फलतः पूवार्पेक्षया यात्रा महती असुविधा च भवितुम् अर्हति स्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

यात्रिकाः वदन्ति यत् न्यूनानि विमानयानानि आसनानां उपलब्धतायाः न्यूनतां जनयन्ति, माङ्गल्याः वृद्ध्या च विमानभाडाः अधिकानि भविष्यन्ति इति अनिवार्यम्। फलतः पूवार्पेक्षया यात्रा महती, असुविधा च भवितुम् अर्हति स्म। यात्रिकाणां आरोपः अस्ति यत इण्डिगो जबलपुरतः प्रचलितानां विमानयानानां निरन्तरं कटौतीं कुर्वन् अस्ति। ते वदन्ति यत् नित्यं विमानस्य न्यूनीकरणेन यात्रायोजनानि बाधितानि भवन्ति, प्रायः अन्यनगरैः यात्रां कर्तुं बाध्यन्ते। जबलपुरतः दिल्ली, नवी मुम्बई, बेङ्गलूरु च यावत् नियमितविमानसेवाः पुनः स्थापयितुं, वर्धमानयात्रिकाणां माङ्गल्याः।

## राशिफल

**मेष** : प्रेमी के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की आपकी इच्छा आज पूरी होगी। अच्छे अवसर जल्द ही आपकी पहुंच में आ सकते हैं।

**वृषभ** : आप सही कदम उठाना जानते हैं। आज प्रेम जीवन को रोमांटिक बनाने पर फोकस रखें।

**मिथुन** : आपका दिन पॉजिटिव रहने वाला है। बिजनेस की शुरूआत करने वालों के लिए बेहतर कमाई के ऑपशन्स जल्द ही मिलेंगे।

**कर्क** : आज कोई भी जोखिम आपके लिए खतरा साबित नहीं होगा। लव और प्रोफेशनल जीवन में पॉजिटिव रहें।

**सिंह** : किसी ऐसे व्यक्ति के साथ डेट पर जा सकते हैं, जिसे आप पसंद करते हैं। आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**कन्या** : जहां पेशेवर लोग सफलता का स्वाद चखेंगे, वहीं उद्यमी भी नए उद्यम शुरू कर सकते हैं।

**तुला** : अपने प्रेम जीवन में सकारात्मक रहें। ऑफिस में अपना बेस्ट देने की कोशिश करें।

**वृश्चिक** : अपने प्रेमी के साथ खुश रहें। कोशिश करें कि आप पेशेवर आवश्यकताओं को पूरा करें।

**धनु** : कोई बड़ी बीमारी आपको परेशान नहीं करेगी। आपका पॉजिटिव रवैया आपकी सभी मुश्किलें सॉल्व करेगा।

**मकर** : अपने लव रिलेशन में परेशानियों को दूर रखें। अपनी योग्यता साबित करने के लिए नई जिम्मेदारियां लें।

**कुंभ** : दोस्तों के आने से आप अच्छा फील करेंगे। प्रोफेशनल तौर पर मौकों पर नजर रखें। मेंटल हेल्थ बिगड़ सकती है।

**मीन** : लव के मामले में पार्टनर के साथ छोटी-छोटी बातों पर बहस न करें। कोई बड़ी प्रोफेशनल चुनौती नहीं आएगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि नक्षत्र पद गोचर: इन 4 राशियों के लिए बढ़ सकती है मुश्किलें, आर्थिक तंगी के बने योग

शनि के नक्षत्र पद गोचर से 4 राशियों को होगी आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव। पढ़ें पूरी जानकारी।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के गोचर का खास महत्व होता है, और शनि देव का गोचर हमेशा सुर्खियों में रहता है। ऐसे में 2 जुलाई 2026, गुरुवार की सुबह करीब 8:22 बजे शनि ग्रह नक्षत्र पद गोचर कर चुके हैं। यह गोचर रेवती नक्षत्र के दूसरे पद में होगा। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, इस गोचर का असर कुछ राशियों के जीवन पर नकारात्मक रूप से पड़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव बढ़ने की भी संभावना जताई जा रही है। जिन राशियों पर इस गोचर का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, उनमें मेष, सिंह, वृश्चिक और कुंभ राशि शामिल हैं। आइए जानते हैं इन राशियों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए शनि का यह नक्षत्र पद गोचर थोड़ी चुनौतियों भरा साबित हो सकता है। इस दौरान आपके खर्चों में बढ़ोतरी होने की संभावना है, चाहे वह घर से जुड़ा कोई जरूरी काम हो या अचानक आने वाला कोई खर्च, जिससे बजट पर दबाव पड़ सकता है। इस वजह से मन में तनाव और बेचैनी भी बढ़ सकती है, खासतौर पर उन लोगों के लिए जो पहले से ही आर्थिक मामलों में सतर्क रहना चाहते हैं। अगर आपने हाल ही में किसी जगह निवेश किया है या निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो इस समय थोड़ा रुक कर,



सोच-समझकर फैसला लेना ज्यादा बेहतर रहेगा, क्योंकि गलत निवेश से नुकसान होने के योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी से बचना और हर खर्च को सोच-समझकर करना ही सही रणनीति होगी।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए भी यह गोचर कुछ मुश्किलें लेकर आ सकता है। जीवन में अचानक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं, जिससे मन अस्थिर रह सकता है और किसी भी फैसले को लेकर असमंजस की स्थिति बन सकती है। आर्थिक मोर्चे पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि पैसों से जुड़ी कोई परेशानी या अनबन हो सकती है, जिससे मानसिक दबाव बढ़ सकता है। इस दौरान वैवाहिक जीवन में भी थोड़ी खटास आने के संकेत हैं। जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों पर तनाव या गलतफहमी पैदा हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने साथी से खुलकर बातचीत करें, संयम बनाए रखें और किसी भी मुद्दे को बढ़ने से पहले ही सुलझाने की कोशिश करें, ताकि रिश्ते में सहजता बनी रहे।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए यह गोचर थोड़ा भारी पड़ सकता है। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि इस दौरान अनावश्यक और अनुमानित से ज्यादा खर्च होने की संभावना है, जिससे बचत पर असर पड़ सकता है। इस वजह से मन में चिंता और बेचैनी का भाव भी बना रह सकता है। इसके अलावा शारीरिक सुरक्षा को लेकर भी सतर्क रहने की जरूरत है, खासतौर पर वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें, क्योंकि इस दौरान दुर्घटना या चोट लगने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में तेज रफ्तार से बचें और जरूरी सुरक्षा उपायों का पालन जरूर करें, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए भी यह समय कुछ मुश्किलों भरा रह सकता है। जो लोग किसी के साथ साझेदारी में व्यापार चला रहे हैं, उन्हें अपने पार्टनर के साथ मतभेद या विचारों में टकराव का सामना करना पड़ सकता है, जिससे कारोबार में थोड़ी अड़चन आ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि किसी भी बड़े फैसले से पहले अपने पार्टनर से खुलकर बात करें और आपसी समझ बनाकर ही आगे बढ़ें। इसके अलावा इस दौरान खर्चों में भी इजाफा होने की संभावना है, जिससे आर्थिक तौर पर थोड़ी परेशानी महसूस हो सकती है। बेहतर यही होगा कि इस समय अपने बजट पर खास ध्यान दें और बड़े या गैर-जरूरी खर्चों को टालने की कोशिश करें, ताकि आगे चलकर वित्तीय स्थिति संतुलित बनी रहे।

## मेसी लगातार 8वें मैच में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर, ऑस्ट्रेलिया बाहर

# अर्जेंटीना फुटबॉल वर्ल्डकप के टॉप-16 में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। उसने शनिवार सुबह खेले गए मुकाबले में केप वर्डे को 3-2 से हराया। अब मंगलवार को उसका मुकाबला इजिप्ट से होगा। इजिप्ट ने ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर बाहर किया। टीम ने पहली बार नॉकआउट मैच जीता है।

मियामी स्टेडियम में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने 29वें मिनट में गोल दागा और अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम के बाद डर्लो डुआर्टे ने 59वें मिनट में गोल स्कोर करके केप वर्डे को बराबरी पर ला दिया।

फिर एमिलियानो मार्टिनेज ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल करके एक बार फिर अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई, लेकिन सिडनी लोपेज ने 13वें मिनट में गोल करके मैच को एक्स्ट्रा टाइम में धकेल दिया। 111वें मिनट में केप वर्डे के डिनये से ऑन गोल हो गया, इसी गोल ने मैच का नतीजा तय किया।



### मेसी के गोल से बने रिकॉर्ड

- मेसी 30 वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले दुनिया के इकलौते फुटबॉलर बने हैं।
- मेसी मौजूदा वर्ल्ड कप के टॉप गोल स्कोरर हैं। वे अब तक 7 गोल कर चुके हैं।
- मेसी 2 वर्ल्ड कप एडीशन में 7 गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए हैं।
- मेसी वर्ल्ड कप करियर में 20 गोल कर चुके हैं। वे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।
- मेसी ने लगातार 8वें वर्ल्डकप मैच में गोल दागा है। वे लगातार सबसे ज्यादा मैचों में गोल करने वाले खिलाड़ी बने हैं।

### केप वर्डे के गोलकीपर वोजिन्हा ने 10 बचाव किए

केप वर्डे के 40 साल गोलकीपर वोजिन्हा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 बचाव किए। इनमें 5 सेव मेसी के प्रयासों पर रहे। उनकी बेहतरीन गोलकीपिंग की बदौलत वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रही केप वर्डे ने मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को आखिरी मिनटों तक कड़ी टक्कर दी। मेसी इस टूर्नामेंट में अब 7 गोल कर चुके हैं और गोल्डन बूट की दौड़ में फ्रांस के किलियन एमबाप्पे (6 गोल) से एक गोल आगे हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप इतिहास में सर्वाधिक गोल के अपने रिकॉर्ड को भी और मजबूत कर लिया।

### शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया से बड़ी चूक, गोलकीपर बदला

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैरी साउटर पहला पेनल्टी शॉट गोलपोस्ट के ऊपर मार बैठे। 18 साल लुकास हैरिंगटन का शॉट भी क्रॉसबार से टकरा गया। इजिप्ट से महमूद साबेर, रामी राबिया, मोहम्मद सलाह और आखिर में होसाम अब्देलमगीद ने पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए केवल जैक्सन इरविन और आवर माबिल ही गोल कर सके। ऑस्ट्रेलिया के युवा गोलकीपर पैट्रिक बीच ने रेग्युलर टाइम में कई बचाव किए। उन्होंने रामी राबिया के हेडर और मोहम्मद सलाह के प्रयास को भी रोका। लेकिन, एक्स्ट्रा टाइम के आखिरी फेज में मैदान पर आए अनुभवी गोलकीपर मैथ्यू रयान शूटआउट में इजिप्ट के चारों पेनल्टी शॉट नहीं रोक सके।

# भारत-इंग्लैंड दूसरे टी-20 में भी बारिश के आसार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेनचेस्टर

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार शाम 7 बजे मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा।

पहले मैच की तरह इस मुकाबले में भी बारिश खेल बिगाड़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 55% तक बारिश की संभावना है। सीरीज का पहला मुकाबला भी बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। इस मुकाबले में एक बार फिर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर सबकी नजर रहेगी। हालांकि, भारत के गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्कल ने संकेत दिए हैं कि युवा बल्लेबाज को अभी कुछ और इंतजार करना पड़ सकता है। मॉर्कल ने कहा- दूसरे मुकाबले से टीम ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहती। अभिषेक शर्मा टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज हैं। संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। कोचिंग स्टाफ के तौर पर खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाना जरूरी है।

# 15 अगस्त से श्रीलंका दौरे पर उतरेगी टीम इंडिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को भारत और श्रीलंका के बीच अगस्त में खेले जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम जारी कर दिया। दोनों टीमों के बीच यह टेस्ट सीरीज 15 से 27 अगस्त तक श्रीलंका के गॉल और कोलंबो में खेली जाएगी. यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र का हिस्सा होगी और दोनों टीमों के लिए अंकतालिका में स्थिति मजबूत करने का अहम अवसर रहेगी।

**गॉल और कोलंबो में खेली जाएगी दो टेस्ट मैचों की सीरीज**

सीरीज का पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. इसके बाद दूसरा और अंतिम टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) मैदान पर शुरू होगा। दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से खेले जाएंगे।

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम फिलहाल आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम ने अब तक नौ मुकाबलों में चार जीत और चार हार दर्ज की है, जबकि एक मैच का परिणाम अलग रहा है। भारत का अंक प्रतिशत (पीसीटी) 48.150 है और श्रीलंका के खिलाफ यह सीरीज टीम के लिए डब्ल्यूटीसी में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। श्रीलंका दौरे से पहले भारतीय टीम का व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम जारी रहेगा। टीम पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेगी। इससे पहले भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेल रही है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, हालांकि भारतीय बल्लेबाजों को बल्लेबाजी का मौका मिला।

## खबर एक नजर...

### ड्रग्स के साथ हिरासत में आये 2 आरोपी रिमांड पर

**उज्जैन।** सावराखेड़ी मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से गुरूवार को नीलगंगा थाना पुलिस ने आटो क्रमांक एमपी 13 आर 5205 में सवार बेगमपुरा के रहने वाले शादाब पिता शेरू खान और दाऊद पिता हमीद खान को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 112.35 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया था। शुक्रवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। एसआई यादवेंद्र परिहार ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि दोनों ड्रग्स ग्राम नजरपुर के व्यक्ति से लेकर आये थे। जिसकी जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों नशा करते है और ड्रग्स का नशा करने वालों को भी बेचते है।

### प्रधान आरक्षक की पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**उज्जैन।** 32 बटालियन में प्रधान आरक्षक रमेश सोलंकी की 45 वर्षीय पत्नी ममता ने गुरूवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार तड़के मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। एसआई आरती ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों से पता चला कि ममता वर्ष 2016 से गठिया की बीमारी से ग्रस्त थी। उपचार भी चल रहा था। एक माह पहले ही 2 बच्चों की शादी की थी। परिवार के किसी तरह का वाद-विवाद नहीं था। संभवतः बीमारी के चलते उन्होने आतमघाती कदम उठाया है। एसआई आरती के अनुसार मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### बच्चे स्कूल से लौटते तो फंदे पर लटके मिले पिता

**उज्जैन।** स्कूल गये बच्चे शाम को घर लौटते तो पिता को पंखे पर साड़ी के फंदे से लटका देखा। आसपास के लोगों को बुलाया और मां का खबर दी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। महाकाल थाना एएसआई बलराम जाट ने बताया कि नृसिंहघाट कालोनी में रहने वाले कन्हैयालाल पित मनीराम कहार द्वारा घर में फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। इस दौरान पता चला कि बच्चे स्कूल से लौटे तो उन्होने पिता को पंखे से लटका देखा। घटनाक्रम के समय पत्नी महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूल-प्रसादी की दुकान पर थी। जांच के लिये एफएसएल टीम को बुलाया गया और परिजनों से पूछताछ की गई। मृतक शराब पीने का आदी था। जांच में प्रथमद्दष्टता मामला आत्महत्या का स्पष्ट हुआ। शव को फंदे से उतारकर चरक अस्पताल पोस्टमार्टम कक्ष भेजकर मर्ग कायम किया गया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### महिला का जुलूस निकालने में शामिल 3 महिला गिरफ्तार

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया वेणा में मंगलवार को प्रेम विवाह करने वाली महिला के बाल काटकर जूतों की माला पहनाने के बाद कपड़े फाड़ कर जुलूस निकालने के मामले में शामिल 3 महिलाओं रेखा कंवर पति मोरसिंह, कैलाशबाई पति विक्रमसिंह और कैलाश कंवर पति शंभुसिंह को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर 11 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। जो उसके पूर्व ससुराल के थे। 2 दिन में पुलिस 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पूर्व में सुमेरसिंह, बद्रीलाल, कचरूसिंह, दशरथसिंह, विरेन्द्रसिंह और कृपालसिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है। पीड़ित महिला की पहले सुमेरसिंह के पुत्र से शादी हुई थी। लेकिन वर्ष 2023 में वह पति को छोड़ गांव के रहने वाले दूसरे युवक के साथ चली गई थी और प्रेम विवाह कर लिया था। इसी बात से ससुराल वाले नाराज थे। 3 साल बाद महिला दूसरे पति के साथ गांव लौटी तो उसके साथ अमानविय व्यवहार किया था।

### एसपी ने दिलाई सुरक्षा का संदेश प्रसारित करने की शपथ

**उज्जैन।** साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के लिये ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसपी प्रदीप शर्मा ने विद्यालय स्टॉफ के साथ 300 से अधिक छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में बढ़ रहे सायबर अपराधों के स्वरूपों की जानकारी दी और बताया कि इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी लिंक, फिशिंग, ओटीपी, बैंकिंग धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, यूपीआई, क्यूआर कोड स्कैम, फर्जी निवेश योजनाएं, साइबर बुलिंग तथा अन्य ऑनलाइन ठगी हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अंजान व्यक्ति के साथ अपनी जानकारी, बैंक खाते का विवरण, ओटीपी, पासवर्ड और गोपनीय जानकारी साझा न करें। सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ करें। संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर विश्वास न करें। एसपी शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी की घटना होती है, तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने के साथ साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये। कार्यक्रम में उन्होने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुये उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा समाज में साइबर सुरक्षा का संदेश प्रसारित करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 145-0 | 120-3 |
| मेन बाजार | 500-5 | 478-9 |
| मिलन डे | 356-4 | 779-3 |
| मिलन नाइट | 256-3 | 128-1 |

1 5 6

---

मृतक के भाई ने पड़ोसियों से चल रही दुश्मनी में उन्हे फंसाने के लिये दर्ज कराई थी झूठी शिकायत

# पोल गिरने से गई थी जान, 20 दिन बाद मामले का पर्दाफाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंगोरिया पुलिस द्वारा 20 दिन पहले हुई युवक की हत्या का मामला जांच में झूठा पाया। मृतक के भाई ने पड़ोसियों से चल रही दुश्मनी में उन्हे फंसाने के लिये झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। युवक की मौत बिजली का पोल गिरने से हुई थी। मामले में 3 को गिरफ्तार किया गया है। 2 की तलाश जारी है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि ग्राम बलेड़ी में रहने वाले शिवा पिता कालू चौहान ने अपनी बुआ के पुत्र राजेश के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 जून को उसका भाई राहुल मोंगिया खेत पर बंधे मवेशियों को देखने गया था। देर रात तक वापस नहीं लौटा तो वह देखने के लिये निकला। राधा स्वामी आश्रम के बलेड़ी-दंगवाड़ा रोड़ पर भाई राहुल के साथ भूरालाल, रोहित, विशाल, दीपक हथियारों से मारपीट कर रहे थे। उसे देख भाग निकले थे।



राहुल गंभीर घायल हो गया था उसे उपचार के लिये उज्जैन ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर एएसआई दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक मुकेश मीणा, अशोक कटारा, आरक्षक भोजराज परमार को जांच के लिये घटनास्थल भेजा, जहां मारपीट होने के साक्ष्य नहीं मिले। मामला संदिग्ध होने पर जांच शुरू की गई। 20 दिन बाद सामने आया कि मृतक राहुल की मौत हत्या नहीं थी। उसकी मौत का कारण सिर पर बिजली का पोल गिरा था। मृतक के साथियों भरत, राजेश और ईश्वर को हिरासत में लेकर से पूछताछ शुरू की गई तो उन्होने पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में सत्यनारायण और भूपेन्द्र फरार है। जिनकी तलाश जारी है।

### नाली को लेकर पड़ोसी था विवाद

एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये 3 आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि राहुल मोंगिया के परिवार का पड़ोस में रहने वाले भूरालाल से नाली के पानी को लेकर विवाद हुआ था और दुश्मनी हो गई थी। 11 जून की रात राहुल, भूपेन्द्र, सत्यनारायण के हम तीनों बलेड़ी ठे-के पर शराब पीने पहुंचे थे। राहुल को पता था कि भूरालाल के रिश्तेदार रतलाम और ग्राम पडुनिया से आये है। सभी खेत पर पार्टी करेगें। ठेके से शराब पीने के बाद वह भूरालाल के खेत पहुंचे थे। लेकिन वहां कोई नहीं मिला तो भूरालाल का नुकसान करने के लिये खेत पर बनी टापरी और ट्युबवेल का नुकसान किया, वहीं बिजली का पोल तोड़ने का प्रयास किया। मृतक राहुल पोल अपनी ओर खींच रहा था। वह सभी दूसरी तरफ से धक्का लगा रहे थे। पोल उखड़कर राहुल के सिर पर गिरा था।

### भाई को बनाया जा सकता है आरोपी

दुश्मनी में मौत को हत्या बताने के मामले में फरार 2 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस मामले में भाई की हत्या का झूठा प्रकरण दर्ज कराने वाले भाई शिवा मोंगिया के खिलाफ भी मामला दर्ज कर सकती है। बताया जा रहा है कि उसे घटना का पता था, लेकिन उसने पड़ोसियों से चल रही दुश्मनी में उन्हे फंसाने के लिये पुलिस को झूठी शिकायत दर्ज कराई थी।

---

# घौंसला में परिवार पर पत्थर-लाठियों से हमला





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भैरू महाराज का ओटला बनाने से मना करने पर कुछ लोगों ने परिवार पर पत्थरों और लाठियों से हमला कर दिया। घटनाक्रम में पांच लोग घायल हुये है। राघवी पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम घौंसला में रहने वाले ओमप्रकाश पिता नानूराम चौधरी ने बताया कि ग्राम में उसकी निजी जमीन है। वह दोपहर में घर पर खाना खा रहा था। उसी दौरान ग्राम लोहरवास के रहने वाले दीपक पिता कैलाश, राहुल गोस्वामी, नारायण गोस्वामी आये और कहने लगे कि कांकड के भैरू महाराज का ओटला हम यहीं बनायेगें। मैंने जमीन अपनी निजी होना बताया और ओटला बनाने से मना किया तो उन्होने कहा कि जमीन हमारी है। इसी बात पर विवाद हुआ। तीनों ने पत्थरों से हमला कर दिया। बीच-बचाव में पिता नानूराम, मां प्रेमाबाई, भाई अजय और घर आये रिश्तेदार जितेन्द्र चौधरी और उसका दोस्त राजवर्धन आये तो उनके साथ लाठियों से मारपीट की। परिवार के सभी सदस्यों को चोंट लगी है। राहुल, कैलाश और नारायण के साथ उनके पांच साथी भी थे। राघवी थाना पुलिस के अनुसार सभी घायलों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया और ओमप्रकाश की शिकायत पर हमला करने वाले कैलाश, राहुल, नारायण, विक्रम, राधेश्याम, रोहित और महेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

---

### माधवनगर स्टेशन क्षेत्र में कार्य में बाधक पेड़ों का ट्रांसप्लांटेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माधवनगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सालों से खड़े पुराने पेड़ों को बचाने रेलवे ने ट्रांसप्लांटेशन कराने की कवायद शुरू कर दी है। यहां हो रहे निर्माण में कुछ पेड़ बाधा बन रहे थे। 30-40 साल पुराने इन पेड़ों को काटने के बजाय रेलवे प्रबंधन ने इन्हें जड़ सहित उखाड़ लिया। अब इन्हें आगर रोड स्थित रेलवे के नए ट्रेनिंग सेंटर परिसर में रौपेंगे, ताकि पुराने पेड़ बचे रहे। शुक्रवार को दो ट्रेक्टरों में 10 पेड़ों को पोकलेन की मदद से रखवाकर ट्रेनिंग सेंटर परिसर में रखवा दिया। इन पुराने पेड़ों से परिसर में जल्दी हरियाली फैल जाएगी। ट्रांसप्लांट के लिए पेड़ों को ले जा रहे कर्मचारियों ने बताया कि पहली खेप में 10 पेड़ों को ट्रांसप्लांट के लिए ले जा रहे हैं। निर्माण में बाधा बनने वाले अन्य पेड़ों को भी ऐसे ही उखाड़कर दूसरी जगह लगाएंगे।

---

मंगलसूत्र चोरी में कैमरों की मदद से जीआरपी-आरपीएफ ने पकड़ा

# संदिग्ध महिला ने चुराया था मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दाहोद-भोपाल पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय गुरूवार को महिला यात्री का मोबाइल चोरी करने वाली महिला को जीआरपी-आरपीएफ की टीम से कैमरों की मदद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला मंगलसूत्र चोरी के मामले में भी संदिग्ध होना सामने आई है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव स्थित डोगरगढ़ की रहने वाली बिंदिया पति कृष्णकुमार सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह दाहोद-भोपाल में सवार होने के लिये स्टेशन पहुंची थी। प्लेटफार्म पर ट्रेन में चढ़ते समय भीड़ में उसका सेमसंग कंपनी का मोबाइल अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया है। मोबाइल चोरी करने वाले का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र यादव के साथ समन्वय बनाया और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। इस दौरान मोबाइल चोरी करते महिला



दिखाई दी। जिसकी धरपकड़ के लिये जीआरपी-आरपीएफ की टीम गठित की गई और तलाश शुरू की गई। कुछ घंटो बाद कैमरों की मदद से रेलवे स्टेशन उज्जैन के आउटर छुमछुम बाबा की दरगाह की तरफ से उक्त महिला को हिरासत में ले लिया गया। जिसके पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्त में आई महिला मंजू पति रामाकांत साहनी उम्र 45 साल निवासी ग्राम महेन्द्र नाथ जिला देवरिया उ.प्र. हाल मुकाम रानी सती मंन्दिर के पास प्रकाश नगर नागदा होना सामने आई। जिसके खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार महिला आरोपिया के खिलाफ पूर्व में चोरी का प्रकरण दर्ज होना पाया गया है। यहीं नहीं उक्त महिला मंगलसूत्र-चैन चोरी में संदिग्ध होना सामने आई है। कुछ दिनों पहले सामने आये मंगलसूत्र-चैन चोरी के मामले में प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे थे। जिसमें उक्त महिला संदेही के रूप में दिखाई दी थी, लेकिन उससे पूछताछ में मंगलसूत्र-चैन चोरी का खुलासा नहीं हो पाया। महिला खुद को ढाबों में काम करने वाली बता रही थी।

---

# बलात्कार करने वाले को 20 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग की गर्दन पर चाकू रख बलात्कार करने और चिल्लाने पर फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को 10 माह बाद न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि महिदपुर न्यायालय के तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोडिया ने धारा 3/4 (2), 11/12 पॉस्को एक्ट, 351 (3) में फैसला सुनाते हुए आरोपी अशरफ पिता इकबाल मुल्तानी को 20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा के साथ 7 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी को महिदपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। आरोपी के खिलाफ नाबालिग ने 8 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि अशरफ मुल्तानी स्कूल जाते समय उसका पीछा बाइक से करता था उसने फोटो एडिट कर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था और उसके बताये स्थान पर बुलाने लगा था। नहीं जाने पर उसने फोटो वायरल करने की धमकी देते हुये माता-पिता को बताने की धमकी दी और 3 अगस्त को बुलाया। वह डर का चली गई थी, अशरफ से एक कमरे में ले गया और गर्दन पर चाकू रख उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देकर फोटो-वीडियो माता-पिता को बताकर लाखों रुपए लेने की बात कहने लगा। उसने 3-4 दिन डर कर किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन उसने फिर से बुलाया तो माता-पिता को घटना बताई। पुलिस ने मामले में नाबालिग की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। 10 माह तक चली सुनवाई पूरी होने पर आरोपी का दोष साबित हो गया। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक कमलसिंह गोयल द्वारा पैरवी की गई।

---

# क्षिप्रा नदी में डूबा महाकाल दर्शन करने आया युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल दर्शन करने 2 दोस्तों के साथ आया युवक शुक्रवार शाम क्षिप्रा नदी में डूब गया। दोस्तों ने घटनाक्रम लोगों को बताया। एसडीआरएफ की टीम सर्चिंग के लिये पहुंची। करीब 40 मिनट बाद युवक को बाहर निकाल लिया गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि शाम 4 बजे भूखी माता स्थित क्षिप्रा नदी में युवक के डूबने की खबर मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची थी। डूबे युवक की तलाश में सर्चिंग शुरू की गई। 40 मिनट बाद उसे बाहर निकाला गया। उसकी सांस थम चुकी थी। मृतक की पहचान सूरज निवासी ग्वालियर के रूप में हुई है। वह 3 दोस्तों के साथ महाकाल दर्शन करने आया था। दिन में महाकाल दर्शन के बाद चारों नहाने के लिये भूखी माता मंदिर के पास घाट पर पहुंचे थे। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### गुरूद्वारा के पास नदी से मिली लाश



महाकाल पुलिस ने गुरूद्वारा के पास क्षिप्रा नदी से एक व्यक्ति का शव भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार लाश पानी में बह रही थी। सूचना मिलने पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जिसके प्रयास किये जा रहे है।

---

घायल बाद्य युवराज का उपचार रेस्क्यू सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में किया जा रहा

# आगे के दोनों पैर और पिछले बाएं पैर में गहरे घाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास जिला के खिवनी अभ्यारण्य से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल भेजे गए 11 वर्षीय घायल बाद्य युवराज का उपचार रेस्क्यू सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि बाघ के आगे के दोनों पैर और पिछले बाएं पैर में गहरे घाव हैं। एक्स-रे परीक्षण से आगे के दोनों पंजों में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। उसके पिछले बाएं पैर में गहरा घाव होने के कारण छह टांके लगाए गए हैं।

**खिवनी अभ्यारण्य का यह बाद्य पर्यटकों की पहली पसंद बन गया था**

देवास के खिवनी अभ्यारण्य का यह बाद्य पर्यटकों की पहली पसंद बन गया था। हाल ही में घायल स्थिति में देखे जाने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बाघ को 27 जून को रेस्क्यू कर वन विहार भेजा गया था। शुक्रवार को उसकी स्थिति का विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण राज्य पशु चिकित्सालय, जहांगीराबाद के वरिष्ठ वेटरनरी सर्जन डॉ. एस.के. तुमड़िया, वन विहार के वरिष्ठ वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल गुप्ता तथा वन विहार के पशु चिकित्सक डॉ. विनीत द्वारा किया गया। उपचार के दौरान बाघ की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल की जा रही है। डॉ. अतुल गुप्ता घायल बाघ की स्थिति की निरंतर निगरानी कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान वन विहार के संचालक विजय कुमार, सहायक संचालक डॉ. रूही हक तथा सफारी प्रभारी श्रीमती सीता काकोड़िया भी उपस्थित रहीं।



### वर्चस्व की जंग में हारा था युवराज

देवास जिला अंतर्गत खिवनी वन्य जीव अभ्यारण्य में 11वर्षीय बाद्य युवराज का राज चलता था। 27 जून को उसे अभ्यारण्य में घायल अवस्था में लंगडाते हुए देखा गया था। उसके बाद उसे तत्काल ही एक रेस्क्यू आपरेशन के तहत भोपाल के वन विहार ले जाया गया था। युवराज एवं मादा बाद्य मीरा की जोडी खिवनी में आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण थी एवं यहां वंश वृद्धि को अंजाम दे रही थी। खिवनी अभ्यारण्य अधीक्षक विकास माहौर के अनुसार संभवतः नए बाद्य से वर्चस्व की लडाई के दौरान युवराज घायल हुआ । उसकी उम्र करीब 10-11 वर्ष थी। वैसे विभाग में बाद्यों के नाम टी-1 या इस तरह से रहते हैं। हमारे यहां नाम बहुत कम ही रखे जाते हैं। ये भी संभव है कि मेटिंग के सीजन में नई मादा बाद्य के साथ आए नए बाद्य और इसके बीच वर्चस्व की जंग हुई हो।

### नाखून टूट गए, पैर डैमेज हो गए

भोपाल कालियासोत से लेकर, सीहोर से बाद्यों का मुवमेंट खिवनी में होता है। खिवनी पिछले 8-10 सालों में बाद्यों के लिए प्राकृतिक प्रजनन केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। माहौर के अनुसार वन्यजीव व्यवहार के अनुसार, वर्चस्व की लड़ाई में बाघ हमेशा एक-दूसरे के पंजों को निशाना बनाते हैं। इससे प्रतिद्वंदी शिकार नहीं कर पाता। उम्रदराज होने के कारण युवराज नए युवा बाघ की फुर्ती का मुकाबला नहीं कर सका, उसके नाखून टूट गए। उसके पैर डैमेज हो गए। वह शिकार करने और चलने में काफी परेशानी महसूस कर रहा था। उसकी घायलावस्था को देखते हुए ही अभ्यारण्य प्रबंधन ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर उसे वन विहार की टीम के साथ भोपाल भेजने के लिए रेस्क्यू किया था। वन विभाग के रेस्क्यू आपरेशन के दौरान भी नये बाद्य ने नजदीक में ही दस्तक दी थी। तत्काल ही दल ने उसे वहां से भगा दिया था। अधीक्षक श्री माहौर ने इस बात की पुष्टि की थी।

---

# नाले में डूबा सहायक सचिव दूसरे दिन भी नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंगोरिया के ग्राम गावड़ी लोधा में गुरूवार को उफनते नाले की पुलिया से बाइक निकालते समय बहा ग्राम पंचायत सहायक सचिव का दूसरे दिन शुक्रवार को भी कुछ पता नहीं चल पाया। उसकी तलाश में सर्चिंग जारी थी।

ग्राम गावडी लोधा सिजावदा का रहने वाला ग्राम पंचायत सहायक सचिव सूर्यप्रताप सिंह सोनगरा गुरूवार देर शाम बाइक से घर लौट रहा था। बारिश के चलते रास्ते में नाला उफान पर था। पुलिया से पानी के बीच बाइक निकालते समय तेज बहाव आया और सहायक सचिव बाइक सहित बह गया। उसकी बाइक पर सवार युवक ने कूदकर जान बचाई और घटना की जानकारी पुलिस को दी। गुरूवार रात पुलिस ने सर्चिंग शुरू कराई, रात डेढ़ बजे के लगभग पुलिया से 200 मीटर दूर उसकी बाइक मिल गई, लेकिन सूर्यप्रताप सिंह का पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह 6 बजे उज्जैन से एसडीआरएफ की टीम पहुंची और सर्चिंग शुरू की गई, लेकिन रात 10 बजे तक कुछ पता नहीं चल पाया। इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि नाले में पानी का बहाव काफी तेज था। नाला चम्बल नदी से मिलता है। स्थानीय गोताखारों के साथ एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है। आशंका है तेज बहाव में काफी आगे निकल गया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com